

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 25 दिसंबर 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-266 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




## आज खेलों में अवसर असीमित है: मोदी

**नई दिल्ली,25दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार ने एक ऐसा तंत्र बनाया है जो खिलाड़ियों के चयन के मानदंडों में कौशल और प्रतिभा को प्राथमिकता देता है, जिससे कम उम्र में ही शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता खुल गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों के लिए "असीमित अवसर" खोल दिए हैं। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज खेलों में अवसर सीमित नहीं हैं; वे असीमित हैं। आज देश में एक ऐसा तंत्र बन गया है जहां चयन सिफारिश या अधिकार के आधार पर नहीं, बल्कि कौशल और प्रतिभा के आधार पर होता है। आज सबसे गरीब परिवारों का बच्चा भी कम उम्र में ही शीर्ष पर पहुंच सकता है। पीएम मोदी ने 2036 ओलंपिक के लिए बोली हासिल करने के देश के प्रयासों पर जोर दिया और युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से ऐसी प्रतिभाओं की पहचान कर सकता है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी वर्षों में भारत कई बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने जा रहा है। 2030 में भारत अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। यह आप जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए एक शानदार अवसर होगा। इतना ही नहीं, भारत 2036 में सबसे बड़े खेल आयोजन, ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रयासरत है। आज जो 10 या 12 वर्ष के हैं, वे 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमें उन्हें ढूंढना होगा, उनका पोषण करना होगा और उन्हें अभी राष्ट्रीय मंच पर लाना होगा। मध्य प्रदेश खेल महोत्सव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए मैं आज सभी सांसदों से कहना चाहता हूं: यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में उन प्रतिभाओं की पहचान करें जो ओलंपिक सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर सकें। उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें। उनका मार्गदर्शन करें। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों को तिरंगे का सम्मान करने की याद दिलाई और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को खेलने और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं देश के हर खिलाड़ी से कहना चाहता हूँ। आप सिर्फ अपनी जीत के लिए नहीं खेल रहे हैं। आप देश के लिए, तिरंगे के गौरव और सम्मान के लिए खेल रहे हैं। मैं हर अभिभावक से भी अपील करता हूँ कि अपने बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें खेलने के अवसर दें... क्योंकि खेल सिर्फ सीखने का हिस्सा नहीं है। यह स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए भी आवश्यक है।

## कर्नाटक में ट्रक-बस में टक्कर के बाद आग, 10 यात्रियों की मौत

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक),25 दिसंबर।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में गुरुवार तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे-48 पर एक निजी स्लीपर बस और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 10 लोगों की जलकर मौत हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में तुरंत आग लग गई, जिससे यात्रियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। जानकारी के अनुसार, निजी स्लीपर बस बेंगलुरु से शिवमोग्गा की ओर जा रही थी। गुरुवार सुबह करीब 3 बजे जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक (लॉरी) ने अचानक डिवाइडर पार किया और बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के साथ ही बस के डीजल टैंक में विस्फोट हुआ और पूरी बस आग की लपटों में घिर गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आग लगने के कारण बस में फंसे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, जान जोखिम में डालकर करीब 9 यात्री बस से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे, लेकिन बाकी यात्री अंदर ही फंस गए। मौके पर पहुंचे बचाव दल और पुलिस प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग इतनी विकराल थी कि कई शवों की पहचान करना भी मुश्किल हो गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या में अभी और इजाफा होने की आशंका जताई जा रही है। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रशासन मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

### टायर फटने के बाद बस ने 2 कारों को कुचला, 9 की मौत

**कडलूर (तमिलनाडु),25 दिसंबर।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें 9 लोगों की जान चली गई और 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तिरुचिरापल्ली-चेन्नई नेशनल हाईवे पर उस समय हुआ जब एक रोडवेज बस का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गई। पुलिस के अनुसार, तिरुचिरापल्ली से चेन्नई की ओर जा रही सरकारी रोडवेज बस का अचानक टायर फट गया। टायर फटते ही बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर लांघते हुए दूसरी लेन में जा घुसी और सामने से आ रही दो कारों को जोरदार टक्कर मार दी।





## अटल जी को राष्ट्रपति-पीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,25 दिसंबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली स्थित 'सदैव अटल' स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में अटल बिहारी वाजपेयी को एक ऐसे राजनेता के रूप में वर्णित किया, जिनका आचरण, गरिमा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भारतीय राजनीति के लिए एक मिसाल कायम करती है। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा और उन्होंने कहा कि नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि आचरण से परिभाषित होता है। संस्कृत के एक सुभाषित का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि महान नेताओं के कर्म समाज का मार्गदर्शन करते हैं.

## बीजापुर में सीबीआई ने रिश्वत लेते एसडीआई समेत पोस्ट ऑफिस के 4 कर्मचारियों को पकड़ा

**बीजापुर,25 दिसंबर।** बीजापुर नगर में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ताज होटल में छापा मारा है. इस दौरान डाक विभाग से जुड़े चार कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों




पकड़ा गया. सीबीआई की यह कार्रवाई गुरुवार रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है, जब टीम ने आरोपियों के पास से 40 हजार रुपये नकद बरामद किए. पकड़े गए आरोपियों में पोस्ट ऑफिस सब डिवीजन इंस्पेक्टर (एसडीआई) शास्त्री कुमार पैंकरा के साथ ही मलोत शोभन, अंबेडकर सिंह और संतोष एंड्रिक शामिल हैं. कार्रवाई के बाद सीबीआई की टीम चारों आरोपियों को अपने साथ लेकर पूछताछ कर रही है. मामले को लेकर डाक विभाग सहित शहर में हड़कंप मचा हुआ है और आगे की जांच जारी है.

## सेंट्रल जेल में चला चाकू

**रायपुर,25 दिसंबर।** राजधानी रायपुर की केंद्रीय जेल एक बार फिर अपराध और गैंगवार की वजह से सुर्खियों में है। जेल की ऊँची दीवारों और कड़ी सुरक्षा के दावों के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बहुचर्चित यश शर्मा हत्याकांड से जुड़े मुख्य गवाह कुशाल तोलानी पर जेल के भीतर चाकू से हमला किए जाने की घटना ने पूरे सिस्टम को झकझोर कर रख दिया है।



जानकारी के अनुसार, कुशाल तोलानी को एक अलग मामले में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत सिर्फ एक दिन के लिए केंद्रीय जेल भेजा गया था। इसी दौरान उस पर हमला हुआ। आरोप है कि यश शर्मा हत्याकांड में शामिल आरोपियों ने साजिश के तहत जेल के भीतर हमला करवाया, ताकि गवाह को डराया जा सके और केस को कमजोर किया जा सके ।बताया जा रहा है कि हमला करने वाला कैदी एनडीपीएस एक्ट के तहत सजायाफ्ता है, जिसने कुशाल तोलानी पर धारदार हथियार से वार किया। घटना के बाद जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और घायल गवाह को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने जेल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जेल के भीतर चाकू जैसे हथियार पहुँचे कैसे? क्या तलाशी व्यवस्था में लापरवाही बरती गई या फिर जेल के अंदरूनी नेटवर्क के जरिए यह सब संभव हुआ—इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इस पूरे मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर और एसएसपी को सौंपी गई है।

## भारत में कैंसर से अधिक खतरनाक है धर्मांतरण: धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**रायपुर,25 दिसंबर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आज भिलाई में पंच दिवसीय हनुमंत कथा करने छत्तीसगढ़ पहुंचे. रायपुर एयर पोर्ट पर उतरते ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान



धर्मांतरण को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि भारत में कैंस से बड़ा खतरा धर्मांतरण है. बता दें, भिलाई में आज से पंच दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान एक दिवसीय दिव्य दरबार भी लगाया जाएगा. इस दौरान उन्होंने कहा कि हम भारत में एक संदेश देना चाहते हैं कि यदि भारत में बांगलादेश जैसी स्थिति नहीं चाहते, तो यही समया है, सही समय है. अगर हिन्दू एकजुट नहीं हुआ, तो वह दिन दूर नहींङ्ख जो बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुआ, वह भारत देश और छत्तीसगढ़ के चौक-चौराहों में देखा न जाए. पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कांकेर में धर्मांतरण पर मचे बवाल को लेकर भी बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांकेर में जो हुआ, वह अच्छा नहीं हुआ. लेकिन हिंदुओं ने एकता दिखाई उसके लिए धन्यवाद ! उन्होंने आगे कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में शांति और उन्नति होङ्ख भारत विश्व गुरु बने. अंत में उन्होंने कहा कि जबतक भारत हिन्दू राष्ट्र नहीं बन जाएगा, तब तक हम यात्रा करते रहेंगे.

## नवाचार से सार्वजनिक सेवा को नई दिशा

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26

रायपुर, 25 दिसंबर। छत्तीसगढ़ में सुशासन और प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025–26 की घोषणा की। इस पुरस्कार के माध्यम से राज्य के जिलों और विभागों द्वारा किए गए उन नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा स्थापित यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि राज्य शासन लोक प्रशासन में नवाचार, ठोस परिणाम और नागरिक हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। शासन की गुणवत्ता का मूल्यांकन अब केवल व्यय या मंशा के आधार पर नहीं, बल्कि मापनीय प्रभाव, विस्तार-योग्यता और जमीनी समस्याओं के समाधान की क्षमता के आधार पर किया जा रहा है ।सुशासन दिवस के अवसर पर घोषित इन पुरस्कारों के लिए इस वर्ष कुल 312 नवाचार प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें 275 प्रविष्टियाँ जिलों से तथा 37 राज्य स्तरीय विभागों से प्राप्त हुईं। दो-स्तरीय चयन प्रक्रिया के तहत पहले 55 नवाचार शॉर्टलिस्ट किए गए, फिर 13 फाइनलिस्ट चुने गए और अंततः 10 नवाचारों को विजेता घोषित किया गया। मूल्यांकन में परिणामों को 50 अंक, विस्तार-योग्यता को 40 अंक और नवाचार को 10 अंक का भार दिया गया। जिला श्रेणी में दंतेवाड़ा की ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख प्रणाली, जशपुर की 'निर्माण जशपुर' डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी का संवर्धित टेक-होम राशन मॉडल, गरियाबंद का हाथी ट्रैकिंग एवं अलर्ट ऐप तथा नारायणपुर का इंटेलिजेंस टूल प्रमुख रहे। विभागीय श्रेणी में शिक्षा विभाग का विद्या समीक्षा केंद्र, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम, आबकारी विभाग की ई-गवर्नेंस पहल, वन विभाग की एफडीएस 2.0 डिजिटल भुगतान प्रणाली तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की क्यूआर कोड आधारित सूचना प्रणाली को सम्मानित किया गया।

## अटलजी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकहित के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण : मुख्यमंत्री

**रायपुर 25 दिसंबर.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा। लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, सुशासन की स्थापना और जनकल्याण के व्यापक दृष्टिकोण के कारण वे देशवासियों के हृदय में सदैव अमर रहेंगे। वे केवल महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, दूरदर्शी राजनेता और करुणा से भरे जननायक थे, जिन्होंने राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी के नेतृत्व में देश ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई दिशा प्राप्त की। उनका समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने का संकल्प आज भी हमारी शासन-नीति का केंद्रीय आधार है। यही भावना छत्तीसगढ़ सरकार के प्रत्येक कार्यक्रम, योजना और निर्णय का मार्गदर्शन करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन को सशक्त बनाने के लिए प्रशासनिक सुधार, पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध सेवाओं की आपूर्ति और जनविश्वास की पुनर्स्थापना के प्रयास लगातार जारी हैं। यह यात्रा अटलजी के विचारों, आदर्शों और प्रेरणा से ऊर्जा प्राप्त करती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अटल बिहारी



वाजपेयी के आदर्शों—ईमानदारी, संवेदनशीलता, संवाद और समावेशी विकास—को अपने जीवन और कार्य में अपनाएँ तथा विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें। इस अवसर पर विधायक श्री किरण सिंह देव उपस्थित थे।

## कंधमाल में सीसी मेंबर गणेश सहित छह नक्सली ढेर

**जगदलपुर,25 दिसंबर।** ओड़िशा के कंधमाल जिले में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में जवानों ने 2 महिला और 4 पुरुष सहित 6 नक्सलियों को मार गिराया है. मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके के अलावा एरिया कमेटी मेंबर बारी उर्फ राकेश शामिल है. कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में जवानों की नक्सलियों से जबरदस्त मुठभेड़ बीती रात से जारी है. बीती रात जहां सुरक्षा बल के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया था, जिनमें सुकमा का रहने वाला एरिया कमेटी मेंबर और बीजापुर का अमृत दलगम सदस्य बारी उर्फ राकेश शामिल था. दोनों पर नक्सलियों पर कुल 23 लाख 65 हजार रुपए का इनाम घोषित था. मौके से दो हथियार बरामद



किए गए. वहीं आज सुबह मुठभेड़ में दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी हासिल की. इनमें से एक सीसी मेंबर गणेश उईके भी शामिल है. गणेश उईके की 7 राज्यों में तलाश थी. तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला गणेश उईके साउथ सब जोनल का इंचार्ज था. ऑपरेशन में ओडिशा की विशेष बल (स्पेशल फ़ोर्स) एसओजी की 20 टीमें तथा केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 3 टीमें मौजूद हैं। उड़ीसा पुलिस के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ऑपरेशन, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अखिलेश्वर सिंह एवं कंधमाल के पुलिस अधीक्षक पूरे ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। मौके से दो नग इंसास राइफल तथा एक नग .303 राइफल बरामद की गई है।

# भाजपा सरकार में सर्व समाज को तोड़ने की साजिश रची जा रही है :भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,25 दिसंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने 269 वर्ष पहले सत्य और अहिंसा का जो संदेश दिया,वही उद्देश्यपूर्ण और आदर्श जीवन का मूल मंत्र है।महात्मा गांधी ने भी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आज़ादी दिलाई,वहीं बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान समानता की मूल भावना को संविधान में स्थान दिया। उन्होंने आगे कहा कि हमारी कांग्रेस की सरकार ने बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों पर चलते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की।यहां का समाज समतामूलक है,जहां सभी लोग प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ रहते हैं।बाबा गुरु घासीदास ने हमें प्रेम,अहिंसा,सत्य और करुणा का अमूल्य संदेश दिया है,जिसे आत्मसात कर समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

श्री बघेल जी ने भाजपा सरकार को कोसते हुए आज किसान,मजदूर,युवा, महिलाएं,अधिकारी,कर्मचारी सहित सभी वर्ग त्रस्त एवं हताश हो चुके हैं।सर्व समाज को तोड़ने की साजिश रची जा रही है।झीट सोसायटी में भाजपा नेताओं का धान बिना टोकन,गेटपास से 389 कट्टा स्टेक लग गया,बाकी किसान टोकन के साथ अपनी बारी का इंतजार करते निराश,हताश बैठे हैं।

किसान विरोधी भाजपा सरकार धान खरीदना ही नहीं चाह रही है,उनका उद्देश्य जल,जंगल,खदान,जमीन को बेचकर अडानी राज स्थापित करना है।प्रत्येक माह का दौरा करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह से छत्तीसगढ़ से क्या रिश्ता है,इसको पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को समझना है।इस दौरान विधायक निधि से मिनी माता की मूर्ति स्थापना की आधारशिला एवं समाज की मांग स्टील बाउंड्री की घोषणा की गई।जयंती समारोह में कौशल चंद्राकर,चंद्रिका बघेल अध्यक्ष परिक्षेत्र सतनामी समाज,अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जपि दुर्ग,छोटू बघेल,देवकुमार निषाद,विष्णु चंद्राकर,दिलौरिन यादव जनपद सदस्य,चमेली देशलहरे,खिलेश यादव पूर्व जप,देवेंद्र बैस,एन आर साहू,पुष्पा धनकर,भारती महिलवार मंचासिन थे।

## समाचार संक्षेप

### बोड़ला में मुस्कान हॉकी कप का हुआ शुभारंभ




**कवर्धा, 25 दिसंबर (तछसं.)।** नगर पंचायत बोड़ला में जनपद पंचायत बोड़ला एवं नगर पंचायत बोड़ला के संयुक्त तत्वाधान में ( मुस्कान हॉकी कप ) राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल , बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल शामिल होकर राज्य के अन्य जिलों से आई हुई महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### ढौर के ग्रामीणों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को उनकी जयंती पर दीप जलाकर याद किया



**उतई, 25 दिसंबर (तछसं.)।** देश के पुर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर ग्राम ढौर के अटल चौक के पास दीप जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया ।साथ ही छत्तीसगढ के लिए किए गये उनके महान कार्यों को याद करते हुए ।हर प्रसाद आडिल ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों के लिए नए राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ का निर्माण भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की ही देन है। हम उनके सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ के चहुंमुखी विकास हो रहा हैं। भारत गांवों का देश है और गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाने में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का महत्वपूर्ण योगदान है। गांव तक आज विकास की जो धार पहुंची है, वह अटल जी का ही आशीर्वाद है। उनके शासनकाल में ही देश में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना लागू हुई और टेलीकॉम इंडस्ट्री में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए। श्री अटल जी ने ही देश में अनुसूचित जनजाति का अलग से विभाग गठित कर आदिवासी क्षेत्रों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल राम भरोसा साहू भूत अध्यक्ष परसराम साहु दुर्गा निर्मलकर गंगा साहू भगवती ठाकुर पद्मिनी निर्मलकर पच टिकेश्वरी लता निर्मल रोमनाथ साहू रामलाल साहू डॉक्टर बुद्धेश्वर साहू शालिकराम काशीराम मायाराम यादव वासुदेव निर्मलकर महेंद्र साहू व अंजुरी राम साहू ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ग्राम पंचायत बैजलपुर के जन समस्या निवारण शिविर में मिले 666 आवेदन



**कवर्धा, 25 दिसंबर (तछसं.)।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बैजलपुर,जनपद पंचायत बोड़ला में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। बोडला जनपद सीईओ आकाश ठाकुर ने बताया की शिविर में कुल 664 मांग व 02 शिकायतों सहित कुल 666 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 280 मांग व शिकायतों का त्वरित निराकरण कर आवेदकों को जानकारी उपलब्ध कराई गई।शेष 386 आवेदन सम्बंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु दिए गए हैं।शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा विभागीय जानकारियां प्रदान की गई और जनप्रतिनिधियों के द्वारा सभी विभागों के आवेदनों का निरीक्षण किया गया। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा और बोडला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने 15 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया के साथ ही मद्यपान निषेध के संबंध में संकल्प भी लिया गया । जनसमस्या निवारण शिविर में जनप्रतिनिधि , अधिकारी , कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### ग्राम देवादा में गुरु घासीदास की 269वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



**उतई 25 दिसंबर (तछसं.)।** ग्राम देवादा में बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती का आयोजन सोमवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात रंग झमाझम पंथी पार्टी, सुरखी द्वारा भव्य पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।रात्रिकालीन कार्यक्रम में मोर मयारू छत्तीसगढ़ी नाचा, भाटागांव द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा ग्राम उत्सव के रंग में रंग गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सतगुरु घासीदास जी का जीवन सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को अंधविश्वास, छुआछूत और भेदभाव से मुक्त होने का मार्ग दिखाया। आज उनके बताए गए सत्य के मार्ग पर चलकर ही समाज और गांव का सर्वांगीण विकास संभव है। गुरु घासीदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम में उपसरपंच सोहन साहू, मनहरन जोशी, चमेली महिलांगे, अभिषेक जोशी, रोहित चेलक, धर्मेंद्र डहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**भिलाई, 25 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई साइकिल लेकर पैदल रोड पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात मोटर साइकिल चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी इस से साइकिल चालक को चोटें आई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती किया गया है शिकायत पर दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात मोटर साइकिल चालक के खिलाफ धारा 184, 125 ए, 281 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया तुलेश्वरी यादव कोसा नगर वार्ड 5 यादव मोहल्ला सुपेला निवासी है। वह कोसा नगर वार्ड 5 सुपेला भिलाई में मितानिन का काम करती है। उसके पिता कन्हैया लाल यादव जो गिरधारी नगर दुर्ग में रहते हैं पुराने मकान गया नगर दुर्ग का रिपेयरिंग कार्य करवा रहे थे गया नगर दुर्ग के मकान का काम करवा कर शाम लगभग 7.30 बजे साइकिल से पैदल गिरधारी नगर आने रोड पार कर रहे थे गुप्ता फर्नीचर के सामने गया नगर दुर्ग पहुंचे थे उसी समय सामने से आ रही ।

## एक नजर

### लिमो में पेंशन सत्यापन शिविर आयोजित हितग्राहियों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ



**कवर्धा,25 दिसंबर (तछसं.)।** कलेक्टर जिला कबीरधाम एवं उप संचालक समाज कल्याण, जिला कबीरधाम के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत भवन लिमो, जनपद पंचायत कवर्धा में पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों हेतु पेंशन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पेंशनधारी हितग्राहियों को आमंत्रित कर उनके आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, जिससे शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को निर्बाध, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से प्रदान किया जा सके।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितग्राहियों को नशा सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी हितग्राहियों को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई।शिविर में मानसिक रूप से अविकसित दिव्यांग हितग्राही श्री सुरेश कौशिक का पेंशन सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हील चेयर प्रदाय किए जाने की जानकारी दी गई। इस जानकारी से हितग्राही की माता अत्यंत प्रसन्न हुईं तथा उन्होंने विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र को व्हील चेयर दिलाने हेतु आभार व्यक्त किया।

### यातायात बाधित करने पर चालक के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 25 दिसंबर (तछसं.)।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों को खड़ी कर देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है चालकों के खिलाफ धारा 285 के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है पुलिस ने बताया कि महमरा चौक स्टेट हाईवे में ट्रक सीजी 04 पीए 4476 का चालक वाहन को रोड के बीचो-बीच खड़ा कर दिया था जिससे आवागमन अवरुद्ध हो गया था। आने जाने वाले लोगों को सुविधा हो रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक अभय बुंदेला निवासी हथनी थाना नोहटा जिला दमोह के खिलाफ कार्रवाई की। ग्राम कुटेला भाठा चिखली करहीडीह चौकी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के दौरान टीम ने देखा ।

# साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ी पटना रवाना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 दिसंबर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025दृ26 का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक पटना बिहार में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से चयनित खिलाड़ी 24 दिसंबर को साउथ बिहार एक्सप्रेस से पटना रवाना हुए। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य से तीन खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। पुरुष वर्ग में महेश कुमार ;भिलाईद्धए चेतन साहू दुर्ग तथा महिला वर्ग में रिया तिवारी ;कवर्धाद्ध देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। तीनों खिलाड़ियों ने वर्षों के निरंतर अभ्यासए अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर भारतीय टीम में स्थान सुनिश्चित किया है। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खानए कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जीए रजी उनीए बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष टीण्वीण्एसण् रेड्डीए सचिव जीण्एलण् प्रसाद सहित सभी जिला संघों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। महेश कुमार पिछ्ले एक दशक से सब.जूनियरए जूनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं रिया तिवारी, जो एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई से बीएससी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन की पढ़ाई कर चुकी हैं और वर्तमान में एमसीए की छात्रा हैंए राष्ट्रीय व जोनल स्तर पर कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। चेतन साहू ने भी बचपन से खेलों में रुचि लेते हुए सब.जूनियर से लेकर सीनियर स्तर तक निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय टीम में स्थान बनाया है। छत्तीसगढ़ के खिलाडियों का यह चयन राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश में बॉल बैडमिंटन के बढ़ते स्तर को दर्शाती हैए बल्कि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगी। प्रतियोगिता में भारतीय टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

### बुजुर्ग से लाखों की धोखाधड़ी

**भिलाई, 25 दिसंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों मे इन्वेस्टमेंट करने पर अधिक लाभांश का प्रलोभन देकर रिटायर्ड बुजुर्ग से 37 लाख 51 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 3(5), 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि निरंजन प्रसाद दास ( 68 साल ) निवासी प्रगति नगर रिसाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 फरवरी 2024 को मोबाइल देखने के दौरान फेसबुक में एक विज्ञापन आया था। उसमें पैसा जमा करने पर बैंक से ज्यादा लाभांश मिलेगा यह दिया था। इसके बाद प्रार्थी ने अपने रिटारमेंट के बाद मिले पैसों को इन्वेस्ट करने विज्ञापन मे दिये अलग अलग कंपनियों एवं उनके मोबाइल नंबरो सीटी धन पुणे महाराष्ट्र में 2 लाख रुपए, शासतीक ग्लोबल एलएलपी चेन्नई में 2 लाख रुपए, विश्वास वर्ल्ड टेक बैंगलोर मे 3 लाख रुपए, मारवलस मुनिस इंदौर 7 लाख 51 हजार रुपए, वेदिका पार्टनर्स इंदौर में 10 लाख रुपए, नेक्सट इन टेक्नोलाजी इंदौर में 13 लाख रुपए, जिन्होंने अलग अलग एकाउण्ट नंबरो एवं यूपीआई के माध्यम से अपनी पत्नी उत्तमा दास के आईडीएफसी बैंक, एसबीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड के खातों से एवं प्रार्थी के पंजाब नेशनल बैंक के क्रेडिट कार्ड एवं सेविंग नाम से जमा किया।

# साहित्यिक संस्था आरंभ का गठन, प्रदीप अध्यक्ष, सबा को महासचिव की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 25 दिसंबर।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ की सांगठनिक बैठक में अस्थाई प्रबंध संचालन समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर कैलाश जैन बरमेचा को मुख्य संरक्षक, डॉ. महेशचंद्र शर्मा को मुख्य सलाहकार, प्रदीप भट्टाचार्य को अध्यक्ष, डॉ. रजनी नेल्सन को कार्यकारी अध्यक्ष और नूरुस्साबाह खान सबा को महासचिव मनोनीत किया गया। बैठक में सुपरिचित कथाकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल और लेखक मो. जाकिर हुसैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य पदाधिकारियों में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष- अनिता करडेकर, सचिव आलोक कुमार चंदा, उपसचिव ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद्र मंडल, मीडिया प्रभारी डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, कानूनी एडवाइजर गौरी चक्रवर्ती गुहा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, डॉ. बीना सिंह रागी, विद्या गुप्ता, तारकनाथ चौधुरी, शिवमंगल सिंह सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयोजक और इंटरनल ऑडिटर। इस अवसर पर डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने अपनी पुस्तक साहित्य और समाज और गागर में सागर संस्था को भेंट की और कहा कि आरंभ का शुभारंभ गागर में सागर भरने जैसा होगा, जहाँ साहित्यिक साधक समाज को नई दिशा देंगे। विशेष अतिथि शिवनाथ शुक्ल ने साहित्यिक संस्था आरम्भ के गठन का स्वागत करते हुए कहा कि आज के समय में जब सामाजिक विसंगतियां भयावह रूप ले रही हैं तब साहित्य ही वह साधन है जो इसे नया और रचनात्मक रूप दे सकता है। मो. जाकिर हुसैन ने संस्था को आगे बढ़ने की शुभकामनायें दीं। आरंभ के नव नियुक्त अध्यक्ष अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने अपने स्वागत वक्तव्य में प्रेमचंद और हरिशंकर परसाई का उदाहरण देते हुए कहा कि हर वह सफलता हार है जिसका लक्ष्य किसी को नीचा दिखाना है। सत्य को भी प्रचार चाहिए, अन्यथा वह मिथ्या मान लिया जाता है। इन्हीं प्रेरणाओं के आधार पर हमारी संस्था आरंभ है। महासचिव नूरुस्साबाह खान सबा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि साहित्य के नाम पर हो रही अनर्गल प्रस्तुतियों के बीच समाज को दिशा देने वाला, आत्मा को तृप्त करने वाला और इंसानियत के मूल्यों को मजबूत करने वाला साहित्य आगे आए। इसी संकल्प के साथ आरंभ की नींव रखी गई है। संगठन की गतिविधियों में शामिल होंगे आरंभ पत्रिका का प्रकाशन, प्रतिवर्ष आरंभ सम्मान, प्रतिमाह रचनात्मक विचार-विमर्श/गोष्ठी, काव्य गोष्ठी और नवांकुर रचनाकारों को मंच उपलब्ध कराना।

# शासकीय हाईस्कूल फेकारी में निर्मित बैडमिंटन कोर्ट शाला प्रबंधन को हस्तांतरित



**भिलाई, 25 दिसंबर।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा शासकीय हाईस्कूल फेकारी के परिसर में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण के उपरांत हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्राचार्य यादराम बंजारे को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आज के इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिवराजन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपप्रबंधक के के वर्मा एवं, विभागीय कर्मचारी, बुधेलाल, आशुतोष सोनी के अलावा शाला प्राचार्य, शिक्षकगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व् विशिष्ट अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि शिवराजन ने नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का फीता काटकर एवं बैडमिंटन खेलकर औपचारिक उद्घाटन किया, अपने उद्बोधन में खेल को छात्र छात्राओं के लिये अति आवश्यक बताया एवं सीएसआर विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्कूल के विकास में यथासंभव योगदान देने की बात कही। प्राचार्य द्वारा सीएसआर द्वारा प्रदत्त खेल कोर्ट को सराहनीय और प्रशंसनीय बताते हुए सी एस आर विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग के लिए आभार जताया गया।

# पं. धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा के पहले कलश यात्रा निकाली गई



**भिलाई, 25 दिसंबर।** सनातन धर्म के ध्वजवाहक, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री हनुमंत कथा का आयोजन 25 से 29 दिसंबर तक इस्पात नगरी भिलाई में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं और आस्था के इस महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्री हनुमंत कथा का आयोजन जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में किया गया है, जहां पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के श्रीमुख से भक्तजन हनुमान कथा का दिव्य रसपान करेंगे। आयोजन सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। कथा के शुभारंभ से पूर्व आज भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा सिविक सेंटर चौक से प्रारंभ हुयी, जिसमें सुबह 10 बजे से एकत्रीकरण किया गया। कलश यात्रा में मातृ शक्तियों को पीत वस्त्र धारण कर कलश के साथ सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक राकेश पांडेय ने बताया कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सफाई व्यवस्था, पार्किंग, भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा उनकी निगरानी के लिए अलग से मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के ननिहाल में, उनके परम भक्त हनुमान जी की कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

# रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 दिसंबर।** श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव झंकार क ा आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से हायर सेकेंडरी स्कूल तक के बच्चों एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि डॉ. पी.पी. चन्द्रवंशी, पूर्व प्राचार्य शास. महाविद्यालय बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी, निदेशक श्री रामकृष्ण शिक्षण समिति के रूप में उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस में श्री निखिल अग्रवाल, जिला वन अधिकारी जिला कबीरधाम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में मेधावी बच्चें के पालकों को अतिथि बनाया गया था, जिसमें श्री जगतारन डहरिया, श्री गौकरण, श्री बसंत यादव, श्री बलीराम चन्द्रवंशी, श्री दीपक शर्मा एवं श्री पीलाराम चन्द्राकर उपस्थित रहे। तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कमलेश्वर प्रसाद चंदेल जी, कमांडेट 17वीं बटालियन रहे। कार्यक्रम में किन्हीं कारणों के चलते श्री कमलेश्वर प्रसाद चंदेल जी, कमांडेट 17वीं बटालियन उपस्थित नहीं हो पाये थे उनकी जगह सुश्री मोनिका परिहार उपपुलिस अधीक्षक 17वीं बटालियन उपस्थित रहीं। तथा श्री लालजी चन्द्रवंशी, राज्य प्रतिनिधि सर्व कूर्मी क्षत्रीय समाज उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की शुरूआत में पहले दिन स्कूल में पढ़ने वाले (कक्षा नर्सरी से 2रीं तक के) नन्हें-मुन्नें बच्चे रंग-बिरंगे पोशाकों से सुसज्जित होकर एक शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसने लोगों का मन मोह लिया। वहीं दूसरे दिन कक्षा 3रीं से 6वीं तक के बच्चों ने भी शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। तीसरे दिन भी माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया।तीन दिनों तक चल रहे वार्षिक उत्सव समारोह में विद्यालय के नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में देश की विभिन्न संस्कृतियों को नृत्य के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया। और अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। तेलुगु, संबलपुरी और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत पर बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति को दर्शकों के द्वारा सराहा गया। वहीं गरबा नृत्य ने लोगों को रोमांचित कर दिया। वहीं पहलगाम में हुवे आतंकी हमले का नृत्य के माध्यम से बड़े ही सजीव ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिससे लोगों की आँखे नम हो गई।90 दशक के डांस, बारामासी डांस को भी काफी सराहना मिली इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा रिकॉर्डिंग डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के शुरूआत में ही प्रथम दिवस में विद्यालय की पीआरटी इंचार्ज (प्राथमिक प्रभारी) सुश्री मंजुरी पाण्डेय, द्वितीय दिवस में सुश्री श्रीजल शर्मा टीजीटी इंचार्ज व तृतीय दिवस में श्री शुभम पाण्डेय टीजीटी के द्वारा विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर सिलसिलेवार ढंग से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बच्चे आई आई टी, मेडिकल कॉलेज व खेल के क्षेत्र में अपने प्रदर्शन से आज जिले व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। अतिथियों द्वारा खेल एवं अन्य गतिविधियों में राज्य स्तरीय उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों ने रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के द्वारा वार्षिक उत्सव के आयोजन पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम. शारदा, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें, गैर शिक्षिकीय स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस प्रकार 21 दिसंबर से प्रारंभ हुए इस वार्षिक उत्सव का समापन 23 दिसंबर को हुआ जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा पालकगण भी कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए विद्यालय पहुँचे।


अटल परिसर
छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारतरत्न
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी
की स्मृतियों को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल
अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर
मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी एवं
मा. उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी फुंडहर चौक, रायपुर से एवं
स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने निकायों में देवतुल्य जनता के साथ करेंगे
अटल जी की 115 प्रतिमाओं का अनावरण एवं
अटल परिसर
का
लोकार्पण
दिनांक - 25 दिसंबर 2025, गुरुवार
समय - प्रातः 12:30बजे से
स्थान - फुंडहर खेल मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
राज्य निर्माता अटल जी की कुल 60 प्रतिमाओं एवं
अटल परिसर का पूर्व में हो चुका है लोकार्पण।
विकास • सुशासन • जनकल्याण
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ (छ.ग.)

## झीरम कांड मतलब एक दूसरे पर आरोप लगाओ

राजनीतिक दलों के लिए कई मुद्दे महज एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने के लिए होते हैं। वह जब भी मौका मिलता है तो उस मुददे को उठाकर एक दूसरे पर आरोप लगाते है, एक दूसरे को दोषी ठहराते हैं। फिर लंबे समय तक उस मुद्दे की ओर दोनों राजनीतिक दल ध्यान नहीं देते हैं।छत्तीसगढ़ में झीरम कांड ऐसा ही मुद्दा है। यह लंबे समय से भाजपा व कांग्रेस के बीच फुटबाल बना हुआ है। कभी मौका मिलने पर भाजपा को कोई राज्य या केंद्र का नेता झीरम मुद्दे को किक मारकर कांग्रेस की तरफ भेज देता है और इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराने का प्रयास करता है तो जवाब में राज्य के कांग्रेस नेता किक मारकर फिर भाजपा की तरफ भेज देते हैं और झीरम कांड के लिए भाजपा को दोषी ठहराने का प्रयास करते हैं। यह सिलसिला चलता रहता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा यहां आयोजित जनादेश परब में शामिल होने आए थे तो इस दौरान उन्होंने झीरम कांड को लेकर कहा कि कांग्रेस के भीतर ही ऐसे लोग मौजूद थे,जो नक्सलियों के संपर्क में थे। ऐसे लोगों ने ही माओवादियों से अपने लोगों को मरवाने का काम काम किया।जेपी नड्डा के इस आरोप से झीरम कांड को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।यह आरोप पत्यारोप कोई नई बात नहीं है।यह तो सच है कि झीरम कांड हुआ है, नक्सलियों ने कांग्रेस के बड़े नेताओं की हत्या की है। सीधी सी बात है कि इसके लिए सीधे तौर पर नक्सली दोषी हैं। भाजपा का कांग्रेस के बीच यह गंभीर मुद्दा सच को सामने लाने की जगह आरोप प्रत्यारोप लगाने का मुद्दा रहा है। यानी कांग्रेस इस घटना के लिए भाजपा सरकार तो दोषी ठहराने का प्रयास करती है तो भाजपा नेता इसके लिए कांग्रेस के कुछ नेताओं को दोषी ठहराने का प्रयास करती है। झीरम कांड को हुए कई बरस हो गए हैं लेकिन इसका सच अब तक सामने नही आ सका है तो इसके लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों राजनीतिक दल कमोबेश दोषी माने जाते हैं। भाजपा कई साल सत्ता में रही लेकिन उसके सत्ता में रहने के दौरान झीरम कांड का सच सामने नहीं आ सका। तब कांग्रेस नेता भूपेश बघेल भाजपा सरकार पर आरोप लगाया करते थे कि वह झीरम कांड की जांच को लेकर गंभीर नहीं है।कांग्रेस की सरकार बनी और वह पांच साल रही लेकिन इस दौरान कांग्रेस सरकार भी झीरम का सच सामने लाने मे असफल रही। भूपेश बघेल तो एक समय यह कहते थे उनके पास सबूत है लेकिन पांच साल बीत गए वह कोई सबूत सामने नहीं लाए। झीरम कांड जाहिर तौर पर नक्सलियों ने किया है। इसके कई कारण बताए जाते हैं, एक कारण तो सलवा जुडूम भी बताया जाता है, इसके अलावा झीरम कांड के बाद इस बात की भी चर्चा रही कि कांग्रेस के कुछ लोगों ने ही अपने नेताओं को नक्सलियों के जरिए मरवाया है। झीरम कांड होने के बाद इस बात की खूब चर्चा रही कि तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल का प्रभाव बढ़ रहा था, इससे कांग्रेस के कुछ बड़े नेता खुश नहीं थे।उन्ही नाखुश नेताओं ने नंद कुमार पटेल सहित कई नेताओं को नक्सलियों का उपयोग कर मरवा दिया और सुरक्षा की कमी का आरोप लगा इसके लिए पूरी तरह भाजपा सरकार को दोषी बताने का प्रयास किया गया। नंद कुमार पटेल सहित कई वरिष्ट नेताओं के मारे जाने से कांग्रेस का नेतृत्व करने के लिए कई लोगों को मौका मिला। वह राज्य की राजनीति में अपना महत्व बढ़ाने में सफल रहे।झीरम कांड का सच सामने आता कई लोगों को परेशानी होती, इसलिए भाजपा को हो या कांग्रेस नेताओं ने इस कांड पर रहस्य का पर्दा पड़े रहने दिया। कहने को एनआईए की जांच भी हुई लेकिन इस पर खूब विवाद भी हुआ, आरोप प्रत्यारोप भी हुए लेकिन झीरम कांड का सच आज तक सामने नहीं आया है। साय सरकार के समय बड़े बड़े नक्सली नेताओं के सरेंडर करने से बस्तर से नक्सलियों का सफाया हो रहा है। इस दौरान कई बड़े नक्सली नेता मारे जा चुके हैं, उनमें कई झीरम कांड में शामिल रहे हैं। कई ऐसे नेताओं ने सरेंडर भी किया है जो हो सकता है कि झीरम कांड का सच जानते हों। जो यह बता सकते हैं कि झीरम कांड में कौन कौन शामिल थे, यह कांड नक्सलियों ने खुद बदला लेने के लिए किया था या किसी नेता ने माओवादियों को उपयोग कांग्रेस नेताओं को मरवाने के लिए किया था।झीरम कांड में शामिल लोग तो यह बताने से रहे कि वह इसमें शामिल थे,क्योंकि वह कुछ भी कहेंगे तो वह अपराध स्वीकारने की तरह होगा। इसलिए इस बात की कोई उम्मीद नहीं है कि झीरम कांड के आरोपियों के नाम कभी सामने आएंगे।

विशेष लेख

# सुशासन, संवेदना और सुरक्षा : श्रमिक हित में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष

लेखक: छगनलाल लोन्हारे, उप संचालक (जनसंपर्क)



सुशासन केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संकल्पबद्ध प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन का श्रम विभाग विगत दो वर्षों में इसी सुशासन की भावना को धरातल पर साकार करता हुआ दिखाई देता है। इस अवधि में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने तथा उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम उठाए गए हैं। विष्णु के सुशासन की स्पष्ट झलक श्रम विभाग द्वारा अपनाए गए डिजिटल नवाचारों में दिखाई देती है। प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त नस्तियों का संधारण ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विभागीय योजनाओं और सेवाओं को आमजन के लिए सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु एक आधुनिक, यूज़र-फ्रेंडली विभागीय वेबसाइट विकसित की गई है। श्रमिकों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए तैयार किया गया 'श्रमेव जयते' मोबाइल ऐप श्रमिक पंजीयन, योजनाओं में आवेदन तथा श्रमिक पलायन की ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, जो डिजिटल सुशासन की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। राज्य के नवगठित जिलों तक श्रम विभाग की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पाँच नवीन श्रम पदाधिकारी कार्यालयों की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के दौरान श्रमायुक्त संगठन अंतर्गत श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पदों पर कुल 32 नई नियुक्तियाँ की गईं। इन प्रयासों से न केवल विभागीय कार्यों में गति आई, बल्कि श्रमिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ भी सुनिश्चित हुईं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रम कानूनों में आवश्यक और संतुलित सुधार करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और श्रमिक हितों के मध्य सामंजस्य स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन से छोटे व्यापारियों को राहत मिली, वहीं नियत कालिक नियोजन कर्मकार की नई श्रेणी ने रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले।

राष्ट्रपति की अनुमति के उपरांत लागू किए गए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन एवं विविध प्रावधान विधेयक, 2025 के माध्यम से अवैधानिक हड़ताल पर नियंत्रण, छोटे अपराधों में समझौते तथा लघु उद्योगों को छूट जैसे प्रावधान किए गए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में रात्रि पाली में महिला कर्मकारों के सशर्त नियोजन की अनुमति देना सरकार की प्रगतिशील और संवेदनशील सोच को दर्शाता है। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की मानवीय प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। विभिन्न श्रम मंडलों के माध्यम से दो वर्षों में 11.03 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 27.33 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवधि में 784.73 करोड़ रुपये से अधिक की राशि श्रमिक कल्याण पर व्यय की गई, जो यह दर्शाती है कि यह सरकार आंकड़ों से आगे बढ़कर संवेदना के साथ श्रमिकों के जीवन में बदलाव ला रही है।

24×7 संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र ने शिकायत निवारण और पंजीयन प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया है। वहीं प्रत्येक जिले और विकासखंड में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों ने प्रशासन को सचमुच श्रमिकों के द्वार तक पहुँचाया है। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन में स्व-घोषणा प्रमाण पत्र की व्यवस्था ने प्रक्रियाओं को सरल किया, जबकि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के माध्यम से सैकड़ों श्रमिक परिवारों को अपने पक्के आवास का सपना साकार करने में सहायता मिली। मिनीमाता महतारी जतन योजना एवं असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के अंतर्गत लाखों महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता प्रदान की गई, जिससे मातृत्व सुरक्षा को नया संबल मिला। श्रमिक परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, छात्रवृत्ति, मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन तथा नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना जैसी पहल ने शिक्षा के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत मात्र पाँच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुशासन की मानवीय और संवेदनशील आत्मा को दर्शाता है। केन्द्रीकृत डीबीटी प्रणाली के माध्यम से करोड़ों रुपये सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए, जिससे पारदर्शिता, विश्वास और समयबद्धता सुनिश्चित हुई। यह व्यवस्था भ्रष्टाचार-मुक्त और जवाबदेह शासन की मजबूत आधारशिला है। सुशासन दिवस के अवसर पर श्रम विभाग की यह दो वर्षीय यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन केवल नीतियों और घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह श्रमिकों के जीवन में वास्तविक, सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने का माध्यम बन चुका है। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की सक्रिय भूमिका, संवेदनशील दृष्टिकोण और निरंतर निगरानी ने इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया है। डिजिटल नवाचार, संवेदनशील कानून, सामाजिक सुरक्षा और मानवीय सोच के साथ श्रम विभाग ने छत्तीसगढ़ को एक श्रमिक-हितैषी, सशक्त और समावेशी राज्य बनने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया है।



## सू- दोकू क्र.269

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -269

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप धार्मिक कामों में भी आगे रहेंगे, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको कोई प्रोजेक्ट यदि अधूरा पड़ा था, तो वह भी पूरा हो सकता है। जीवन साथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह लेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मिथुन :- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में कोई वाद विवाद आपको टेंशन दे, तो आप उस वाद विवाद में पढ़ने से बचे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। जीवन साथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको किसी इन्वेस्टमेंट को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करना होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी वाणी की सभ्यता बनाए रखें। कामकाज में भी आप पूरी मेहनत करेंगे। यदि आपको थकान आदि महसूस हो, तो आप आराम अवश्य करें, नहीं तो आपकी स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं बढ़ सकती हैं। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर काम कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह - आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने आवश्यक खर्चों को करने से बचना होगा। आपका आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा, जिससे लोग भी आपके साथ खड़े रहेंगे। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

कन्या - आज आप किसी घर मकान आदि की खरीदारी की योजना बना सकते है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। आप अपने धन को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को दूर करने की आप कोशिश करेंगे। आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर आगे बढ़े।

तुला - आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आप अपनी आय और व्यय मे संतुलन बनाकर चलें, जो काम जरूरी हो, उन्ही पर खर्च करें, नहीं तो बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य से आपका लड़ाई झगड़ा हो सकता है, जिसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती हैं। आप अपने करियर को लेकर कोई अच्छा अवसर पाकर काफी खुश होंगे।

धनु -आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। जीवन साथी का आपसे किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, जिससे आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। काम को लेकर आप कुछ योजनाएं बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपको समय बताने का मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा।

मकर - आज आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आप माताजी से अपनी समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। आपके खर्च आपकी टेंशनो को बढ़ाएंगे। आप अपने घर के कामों को लेकर लापरवाही दिखाएंगे, तो इससे जीवनसाथी भी आपसे लड़ाई झगड़ा में पढ़ सकते हैं। आप कही बाहर जाने की योजना बना सकते हैं, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

कुंभ - आज का दिन आपके लिए कुछ पुराने वाद विवादों को दूर करने के लिए रहेगा। आपका कोई मित्र भी आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। संतान को आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में लेकर जा सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे, लेकिन बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे, तो आप उसमें ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं।

मीन - आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा, सरकारी कामों के समय से पूरा न होने के कारण परेशान रहेंगे व किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर सकते हैं। राजनीति के कार्यो में भी आप आगे रहेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। आप अपनी आवश्यकताओं को पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे।

जयंती

# लोकनायक, राष्ट्र-दृष्टा और भारतीयता के शिखरपुरुष

ललित गर्ग

भारत के आधुनिक इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल सत्ता या पद से नहीं, बल्कि अपने विचार, चरित्र और आचरण से राष्ट्र की चेतना को आकार देते हैं। भारतीय राजनीति का महानायक, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता, भारत रत्न, प्रखर कवि, वक्ता और पत्रकार अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही लोकनायक थे, जो राजनीति में रहते हुए भी राजनीति से बड़े दिखाई देते थे। उनकी 101वीं जन्म-जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का क्षण है कि हम किस भारत का स्वप्न देखते हैं और उसे साकार करने में हमारी भूमिका क्या है? अटलजी की जन्म जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। अटलजी भारतीय राजनीति के दुर्लभ शिखर पुरुष थे, जिनमें विचार की दृढ़ता, व्यवहार की शालीनता और निर्णय की निर्भीकता एक साथ समाहित थी। वे सत्ता के शिखर पर भी विनम्र थे और विपक्ष की पंक्ति में भी गरिमामय। यही कारण है कि उन्हें केवल एक दल का नेता नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का नेता माना गया। वे 'अजातशत्रु' इसलिए नहीं कहे गए कि उनके विरोधी नहीं थे, बल्कि इसलिए कि विरोध के बीच भी वे सम्मान और संवाद का सेतु बनाए रखते थे। अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति को केवल सत्ता-प्राप्ति का साधन नहीं माना, बल्कि उसे राष्ट्र-निर्माण की साधना बनाया। जब राजनीति अवसरवाद, कटुता और अविश्वास की गिरफ्त में थी, तब अटलजी ने उसे मूल्यों, मर्यादा और संवैधानिक आस्था से जोड़े रखा। वे सत्ता में रहते हुए भी लोकतंत्र के प्रति उतने ही प्रतिबद्ध थे, जितने विपक्ष में रहते हुए। अटलजी ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, विचारक एवं समाज सुधारक एवं राष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे। अटलजी यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये भारत के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं।



तीन बार प्रधानमंत्री रहना उनकी उपलब्धि नहीं, बल्कि उस भरोसे का प्रमाण है जो देश ने उनके चरित्र और दृष्टि पर किया। 1996 में अल्पमत की सरकार से लेकर 1999 में स्थिर गठबंधन सरकार तक की उनकी यात्रा यह दर्शाती है कि लोकतंत्र में संख्या से अधिक नैतिकता और नेतृत्व की विश्वसनीयता का महत्व होता है। संसद में उनका वह ऐतिहासिक वक्तव्य- "सरकारें आएँगी-जाएँगी, लेकिन देश और लोकतंत्र रहना चाहिए" आज भी भारतीय राजनीति के लिए पाथेय है। अटलजी का सबसे निर्णायक योगदान भारत को रणनीतिक आत्मविश्वास दिलाने में रहा। 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण केवल वैज्ञानिक या सैन्य उपलब्धि नहीं थे, वे भारत के आत्मसम्मान की उद्घोषणा थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। इन परीक्षणों के बाद जब वैश्विक दबाव और प्रतिबंधों का दौर आया, तब अटलजी का नेतृत्व और भी निखरकर सामने आया। उन्होंने न तो आक्रामकता दिखाई, न ही आत्मसमर्पण बल्कि धैर्य, संवाद और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलते हुए देश को आर्थिक और कूटनीतिक रूप से सुदृढ़ किया। यही संतुलन उनके राजनेता होने की सबसे बड़ी पहचान है।

अटल बिहारी वाजपेयी को केवल कठोर निर्णयों का नेता मानना अधूरा मूल्यांकन होगा। वे उतने ही बड़े शांति-दूत भी थे। पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने के लिए लाहौर बस यात्रा उनकी दूरदृष्टि का प्रतीक थी, जहाँ साहस, संवेदना और संवाद एक साथ चलते हैं। कारगिल युद्ध के समय भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं का पालन करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की और दुनिया को भारत की जिम्मेदार शक्ति-छवि से परिचित कराया। अटलजी का विश्वास था कि युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए, लेकिन जब राष्ट्र की अस्मिता पर आघात हो, तब निर्णायक कार्रवाई अनिवार्य है। यही सोच उन्हें यथार्थवादी आदर्शवादी बनाती है। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे। वाजपेयीजी बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है।

अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भारत ने बुनियादी ढाँचे और तकनीक के क्षेत्र में नई छलांग लगाई। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्रामीण सड़कों का विस्तार, दूरसंचार क्रांति और निजी क्षेत्र की सहभागिता-ये सब उस 'नए भारत' की नींव थे, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। उन्होंने विकास को केवल आर्थिक आँकड़ों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आम नागरिक के जीवन से जोड़ा। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा उनके समन्वित विकास-दर्शन को दर्शाता है, जहाँ सुरक्षा, कृषि और ज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं। यह नारा आज भी भारत की विकास-यात्रा का सूत्रवाक्य बन सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे बड़ी विशिष्टता यह थी कि वे सत्ता में रहते हुए भी संवेदनशील बने रहे। उनके भीतर का कवि कभी मरा नहीं। उनकी कविताएँ केवल साहित्य नहीं, बल्कि राष्ट्र के संघर्ष, आशा और आत्मबल की अभिव्यक्ति हैं। उनकी पंक्तियाँ निराशा में संबल देती हैं और चुनौती में साहस- "हार नहीं मानूँगा,रार नहीं ठानूँगा" यह केवल कविता नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन है, जो व्यक्ति को भी प्रेरित करता है और राष्ट्र को भी। अटलजी का राष्ट्रवाद संकीर्ण नहीं था। वह समावेशी, सांस्कृतिक और मानवीय था। वे भारत की प्राचीन सभ्यता पर गर्व करते थे, लेकिन आधुनिकता से भयभीत नहीं थे। वे परंपरा और परिवर्तन के बीच सेतु थे। उनका हिंदुत्व आक्रामक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास से उपजा हुआ था, जो सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। आज जब राजनीति में ध्रुवीकरण, अविश्वास और कटुता बढ़ रही है, अटल बिहारी वाजपेयी और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उनका जीवन सिखाता है कि शक्ति के साथ शालीनता, विचार के साथ विनम्रता और राष्ट्रवाद के साथ मानवीयता कैसे निभाई जाती है। उनकी 101वीं जन्म-जयंती हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम केवल उनके नाम का स्मरण न करें, बल्कि उनके मूल्यों को जीवन में उतारें-सत्यनिष्ठा, संवाद, सहिष्णुता और राष्ट्र-प्रेम को व्यवहार में लाएँ।

एक नजर

## नेरली-धुरली इन्टेक वेल ट्रीटमेंट प्लांट का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा, 25 दिसंबर** । कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिले की नेरली एवं धुरली समूह जल प्रदाय परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से परियोजनाओं की तकनीकी स्थिति, वर्तमान चुनौतियों तथा भावी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धुरली इन्टेक वेल जल प्रदाय योजना को शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से इसके सभी तकनीकी पहलुओं का गहन मूल्यांकन करते हुए व्यवहारिक, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक समाधान पर आधारित प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल आपूर्ति व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिससे ग्रामीणों को वर्षभर सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार नरेली समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत शामिल तीन ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तकनीकी प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही योजना में शामिल ऐसे शेष पाँच ग्राम, जहाँ वर्तमान में मुख्य पाईपलाइन के माध्यम से जल प्रदाय संभव नहीं है, उनके लिए वैकल्पिक जल स्रोतों की पहचान, जल स्रोतों के संवर्धन एवं रिचार्ज से संबंधित ठोस प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामीण सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

### एनएमडीसी खनन एरिया के क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंप क्षेत्र एवं लोडिंग प्लांट का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**दंतेवाड़ा, 25 दिसंबर** । कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव द्वारा आज बचेली में एनएमडीसी खनन एरिया डिपॉजिट क्षेत्र-10 का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने खनन एरिया के क्रशिंग प्लांट, वेस्ट मटेरियल डंप किये जाने क्षेत्र तथा ओर आयरन लोडिंग प्लांट का अवलोकन करते हुए एनएमडीसी प्रबंधन से विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा की पुनरावृत्ति रोकने के लिये प्रबंधन प्रभावी रणनीति और कार्ययोजना तैयार कर जिला कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करें। इस क्रम में प्रबंधन द्वारा मैप के माध्यम से तैयार की गयी सुरक्षा उपायों, सावधानियों से संबंधित कार्ययोजना से अवगत कराया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लांट परिसर में संचालित विभिन्न खनन विभाग, उत्पादन क्षमता, उत्पादन इकाईयां, सुरक्षा प्रबंधों एवं श्रमिक सुविधाओं एवं पर्यावरणीय मानकों के पालन तथा सुरक्षा उपायों सहित लाल पानी प्रभावितों के राहत हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### ग्राम गमावाड़ा में नियद-नेलानार के विकास कार्यों व कामधेनु परियोजना का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 25 दिसंबर** । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा नियद नेलानार ग्राम गमावाड़ा पहुंचकर बैलाडीला कामधेनु परियोजना, धुरली (ए-2 दुग्ध उत्पादन इकाई) का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि यह परियोजना जिला प्रशासन, पशुधन विकास विभाग एवं एनएमडीसी-सीएसआर के सहयोग से संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपलब्ध पशुओं की संख्या, वर्तमान दुग्ध उत्पादन क्षमता, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, चारा व्यवस्था एवं दुग्ध संग्रहण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कामधेनु परियोजना ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने पशु आहार, स्वच्छता तथा पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर कार्यरत लोगों द्वारा शौचालय निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि कार्यरत हितग्राहियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई के लिए चलाया गया विशेष अभियान

**बलौदाबाजार,25 दिसंबर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 23.12.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 17 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।उक्त जप्त सभी 17 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए इनके वाहन चालन लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही, भी की जाएगी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

# सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया यादव समाज ने , एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर वचन कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा,25 दिसंबर।** दूध निमार्ता कंपनी वचन द्वारा दूध उत्पादक गौ पालकों एवं गौ सेवकों के द्वारा अथक परिश्रम के पश्चात लोगों को सहजता से पौष्टिक दूध जैसे पेय पदार्थ उपलब्ध कराने व उनके विक्रय प्रक्रिया की आलोचना करते हुए भ्रांतियां फैलाकर पत्रिका बाटा जा रहा था उसके विरोध में भाटापारा में हजारों की संख्या में यादव समाज के लोगो ने मोर्चा खोलते हुए सड़क पर उतरकर एकत्रित होकर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया तथा वचन कंपनी के खिलाफ कठोर एवं सख्त कार्यवाही की मांग की तथा मांग के समर्थन में एक विशाल रैली बाल मंदिर परिसर साहड़ा देव स्थल से एक विशाल रैली निकाली गई । यह रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए एसडीएम दफ्तर पहुंचकर एसडीएम श्यामा पटेल को सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, महामंत्री सुरेश यदु, तहसील अध्यक्ष भीखम यदु, सचिन सुखदेव यदु, संतोष यादव ,एमएल यादव ,इंद्रजीत यदु ,चंद्रकांत यदु सहित हजारों की संख्या में उपस्थित यादव लोगो ने ज्ञापन सौंपा उक्त अवसर पर कैलाश यदु , सनत यदु , रामेश्वर यदु , रेशम यदु , तरूण यादव , सुनील यदु , गिरधारी यादव , परमेश्वर यदु , सुरेश यादव , रोशन यादव , संजय यादव , हीरामणि यदु , धनु यादव , रोशन यदु , माखन यादव के अलावा ग्राम रोहरा , तरेंगा , सेमरिया , मुढीपार सहित अन्य भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के कई गांव के हजारो गौ पालक बड़ी तादाद में शामिल हुए इस दौरान सर्व यादव समाज के रमेश यदु ने बताया कि आगामी 26 दिसंबर को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा व वचन कंपनी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की जायेगी, सभा को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश एडवोकेट एमएलए यादव चंद्रकांत यद अशोक यादव नहीं संबोधित करते हुई वचन कंपनी द्वारा किए गए अनारगल प्रचार को दुरभाग्यपूर्ण बताया इसके पूर्व भगवान श्रीकृष्ण के मूर्ति का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

## धान बेचकर सशक्त हुए किसान, हार्वेस्टर खरीदने की योजना बना रहे प्रेमलाल



**कांकेर 25 दिसंबर** । खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के किसान अपना धान बेचकर उससे प्राप्त राशि का अलग-अलग कार्यों में उपयोग कर रहे हैं, जो उनके लिए वरदान साबित हो रही है। इसी क्रम में जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम कुर्रुभाट निवासी 52 वर्षीय किसान श्री प्रेमलाल चौहान राज्य शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में 80 क्विंटल धान का विक्रय किया है तथा 100 क्विंटल धान के लिए दूसरी बार टोकन कटवाया है, जिसे वे आगामी दिनों में बेचेंगे।

चौहान के पास कुल साढ़े 10 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे परंपरागत रूप से खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केंद्र टाहकापार में कुर्रुभाट, टाहकापार एवं अरौद तीन गांवों के किसानों को धान विक्रय की सुविधा मिल रही है, जिससे किसानों को काफी सहूलियत हो रही है। परिवार के संबंध में उन्होंने बताया कि उनके एक पुत्र एवं एक पुत्री हैं। पुत्र बीजापुर में बिजली विभाग में कार्यरत है, जबकि पुत्री का विवाह हो चुका है। श्री चौहान ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आवागमन, बारदाने की उपलब्धता एवं समग्र प्रबंधन संतोषजनक है। धान विक्रय से प्राप्त राशि से वे हार्वेस्टर खरीदने की योजना बना रहे हैं, जिससे खेती को और अधिक आधुनिक, उन्नत व लाभकारी बनाया जा सकेगा।

कंबल वितरण



## जिला प्रशासन नो भिक्षुकों तथा श्रद्धालुओं को वितरण किया कंबल

**दंतेवाड़ा, 25 दिसंबर** । जिला प्रशासन के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद द्वारा शीत ऋतु की अधिकता को देखते हुए मंदिर परिसर में मौजूद भिक्षुकों, असहाय व्यक्तियों तथा जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किये गये। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष श्री कैलाश मिश्रा, एसडीएम श्री लोकांश ऐल्मा, नायब तहसीलदार श्री भादुराम धनकर उपस्थित थे।

# किसान टोकन के लिए भटक रहे, फिर भी सुशासन के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रही सरकार:इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 25 दिसंबर।** प्रदेश सरकार सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाकर अपनी ही किरकिरी कर रही है,आज गांव के किसान अपनी फसल के लिए टोकन के लिए भटक रहे है,तो फिर ये कैसा सुशासन है उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने ग्राम निपनिया में आयोजित शिविर में अपने वक्तव्य में कही।

विधायक इंद्र साव ने प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह पर तंज कसते हुए कहा कि अगर सरकार और उसके नुमाइंदे सही में ग्रामीणों,किसानों ,छात्रों का हित चाहते हुए कार्य करती तो इस प्रकार के आयोजन की जरूरत ही नहीं पड़ती।सरकार के 2 साल के कार्यकाल में ऐसे कोई उपलब्धि नहीं हुई की आम लोगों को बात सके गिनवा सके।आज प्रदेश के किसान अपनी फसल की बेचने टोकन का इंतजार कर रहे है।टोकन के चक्कर में किसानों को इतना भटकना पड़ रहा है कि जिसकी वे कल्पना भी नहीं किए थे। विधायक इंद्र साव ने कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की योजना और स्वीकृत कार्य ही वर्तमान में दिखाई दे रहे है,चाहे हो रोड निर्माण हो,भवन निर्माण हो,नल जल योजना हो सब भूपेश सरकार के द्वारा स्वीकृत कार्य चल रहे है।विधायक साव ने कहा कि गांव गांव में बिछाई जा रही पाइप लाइन का ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया,उस पर कोई कार्यवाही ही नहीं कर रही है।गांव के विकास के लिए आने 15 वे वित्त की राशि पंचायतों को जारी ही नहीं की गई है,और ये सुशासन की बात किसानों,ग्रामीणों के साथ सीधा धोखा है।इस अवसर पर निपनिया सरपंच नरेश नेताम,विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, दिनेश तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

# उपभोक्ता आयोग ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष उपभोक्ता आयोग छमेश्वर लाल पटेल के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर जिला उपभोक्तता आयोग बलौदाबाजार द्वारा आर.के.जी. शाला के ग्राउंड में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उपभोक्ता जागरूकता अभियान में सभी प्रतिभागियों को सदस्य हरजीत सिंह चावला ने ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरडिया के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि उपभोक्ता आयोग में प्रकरण के निराकरण होने के बाद यदि पैसा या वस्तु प्राप्त नहीं होती तब नियमानुसार 3 वर्ष की सजा या 25000 रुपए से एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने बताया कि परिवादी या विरोधी पक्ष जिला आयोग के आदेश से संतुष्ट नहीं है तो राज्य आयोग, राष्ट्रीय आयोग व सर्वोच्च न्यायालय तक अपने हक के लिए अपील में जा सकता है। यह भी जानकारी दी गई कि उभय पक्ष की सहमति से उपभोक्ता आयोग प्रकरण को मध्यस्थ व लोक अदालत के माध्यम से भी निराकृत कर सकते है।

सदस्य शारदा सोनी ने भी जानकारी दी कि अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर ई -जागृति पोर्टल के माध्यम से ई-फाइलिंग आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं । उन्होंने बताया कि जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रुपये,10 लाख से अधिक 20 लाख से कम पर 400 रुपये,20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम पर 1000 रुपये शुल्क होगी। शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, अम्बिका गोटा, धीरज दुबे, आर.के.जी स्कूल संचालक,प्राचार्य सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पेसा दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**जगदलपुर, 25 दिसंबर ।** विजन-2047 विकसित भारत के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पेसा दिवस 24 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्रामसभा में पेसा अधिनियम और विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की गई ।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन ने बताया कि कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) के विभिन्न प्रावधानों, पेसा अधिनियम तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

समाचार संक्षेप

### मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक ने किया बारनवापारा अभयारण्य के आधिकारिक लोगों का विमोचन



**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के नए आधिकारिक लोगो का विमोचन मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक श्री अरुण कुमार पांडेय ने किया । इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) माथेश्वरण वी., मुख्य वन संरक्षक वी.एच. वेंकटचलम तथा मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्तोविषा समझदार उपस्थित रहीं।नव-प्रस्तुत लोगो बारनवापारा अभयारण्य की पहचान, जैव विविधता और वन्यजीव संपदा को दर्शाता है। लोगो में अभयारण्य की प्रमुख प्रजाति तेंदुए को पारिस्थितिक संतुलन के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है जबकि शक्ति और स्थायित्व को दर्शाने हेतु गौर को सम्मिलित किया गया है। साथ ही बारहसिंगा के सींगों का प्रतीकात्मक उपयोग बारनवापारा की समृद्ध जैव विविधता और वन्यजीव विरासत को दर्शाता है। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील ने कहा कि यह नया लोगो बारनवापारा अभयारण्य की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण की भावना को दर्शाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतीक भविष्य में संरक्षण, जागरूकता एवं इको-पर्यटन से जुड़े प्रयासों के लिए एक पहचान के रूप में कार्य करेगा।

### विलंबित निर्माण कार्यों को आगामी 31 मार्च तक पूर्ण कराएं:कलेक्टर



**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को समग्र शिक्षा अंतर्गत वर्ष 2015-16 से वर्ष 2024-25 तक स्वीकृत निर्माण कार्यो यथा पीएमश्री शालाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यो, समग्र शिक्षा (प्रारंभिक एवं माध्यमिक) एवं बिग्स तथा स्कूल शिक्षा विभाग के स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन एजेन्सियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने लंबित निर्माण कार्यों को आगामी 31 मार्च तक पूर्ण कराने तथा जिन पंचायतों द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है उन्हें नये कार्य स्वीकृत नहीं करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने वर्तमान में पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र मयवांछित दस्तावेज एक माह के भीतर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,संबंधित नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत द्वारा कराये जा अपूर्ण निर्माण कार्यो को एक माह के भीतर पूर्ण कराते हुये पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने निर्देशित किया। इसके साथ ही पूर्व में पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र मयवांछित दस्तावेज समस्त क्रियान्वयन एजेन्सियों लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा,जनपद पंचायत, नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत को जनवरी 2026 तक उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

### केंद्रीय बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के पदभार ग्रहण में ज्योति हरख शामिल हुए

**अंवरी,25 दिसंबर।** रायपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष बॉबी कश्यप का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है ।और निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में बैंक और अधिक सशक्त होकर किसानों, आमजनों एवं स्व-सहायता समूहों को लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव व कुशल नेतृत्व से सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी।

# ओमकार हॉस्पिटल, डॉ वसीम रजा, ऋषि शुक्ला, आशीष शुक्ला के विरुद्ध प्रेस क्लब ने की कार्रवाई की मांग





**बलौदाबाजार,25 दिसंबर।** निजी अस्पताल की मनमानी, चिकित्सा पेशे की गरिमा को तार-तार करने वाले कृत्य और आम नागरिकों की जान से खुलेआम खिलवाड़ के खिलाफ अब बलौदाबाजार प्रेस क्लब निर्णायक संघर्ष के मूड में आ गया है। आज 23 दिसंबर को प्रेस क्लब के समस्त पत्रकारों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ओमकार हॉस्पिटल, डॉक्टर वसीम रजा, ऋषि शुक्ला और आशीष शुक्ला के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने और नर्सिंग एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को सीधा, स्पष्ट और 7 दिवसीय अल्टीमेटम दिया। प्रेस क्लब ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि प्रशासन मूकदर्शक बनकर ओमकार हॉस्पिटल को संरक्षण दे रहा है, और ऐसी स्थिति में प्रेस क्लब को मजबूरन सड़क से लेकर आंदोलन तक का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी समस्त नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन में लगाए गए आरोप बेहद गंभीर हैं। आरोप है कि डॉ. वसीम रजा, जो स्वयं शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ थे , तब शासकीय अस्पताल आने वाले मरीजों को यह कहकर डराते और भ्रमित करते रहे कि वहां इलाज संभव नहीं है, और उन्हें जबरन अपने पारिवारिक निजी अस्पताल ओमकार हॉस्पिटल भेजा जाता है। यह न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है बल्कि सरकारी पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ कमाने की गंभीर साजिश है। मरीज शंभू पटेल के मामले को ज्ञापन में उदाहरण के तौर पर रखते हुए कहा गया है कि उसका जबड़ा पूरी तरह सही होने के बावजूद उसे जानबूझकर टूटा हुआ बताया गया, मरीज को अस्पताल में बंधक बनाकर रखा गया, परिजनों पर मोटी रकम वसूलने का दबाव बनाया गया और विरोध करने पर बाउंसरों के जरिए मारपीट कर परिजनों को अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। यह घटना दर्शाती है कि अस्पताल में इलाज नहीं बल्कि डर, दहशत और जबरन वसूली का कारोबार चल रहा है। सबसे भयावह और अमानवीय आरोप उस मामले से जुड़ा है जिसमें जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे वेंटिलेटर मरीज सहित एंबुलेंस को जानबूझकर रोका गया। आरोप है कि परिजनों को धमकाते हुए कहा गया बलौदाबाजार से बाहर कैसे निकलोगे? इतना ही नहीं, मरीज और परिजनों को प्रेस क्लब और पत्रकारों के खिलाफ झूठा बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा था, ताकि प्रेस क्लब को बदनाम कर झूठे मामलों में फंसाया जा सके। यह कृत्य केवल अपराध नहीं बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली सोची-समझी आपराधिक साजिश बताया गया है। पूर्व में भी अस्पताल प्रबंधक द्वारा पत्रकारों के विरुद्ध झूठी भ्रामक शिकायत कर पत्रकारों को फंसाने का प्रयास किया जा चुका है द्य

प्रेस क्लब ने चेताया कि यदि उस वक्त वेंटीलेटर के मरीज के साथ कुछ भी अनहोनी हो जाती और मरीज की जान चली जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? क्या प्रशासन तब भी जांच के नाम पर फाइलें ही पलटता रहता? प्रार्थी राधेलाल पटेल द्वारा प्राप्त लगभग 22 मिनट के ऑडियो रिकॉर्डिंग में घटित घटना के सारे तथ्य मौजूद है जो लगातार सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है द्य प्रेस क्लब ने दावा किया है कि इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा लगभग 22 मिनट का ऑडियो प्रेस क्लब के पास मौजूद है, जिसमें ओमकार हॉस्पिटल प्रबंधन, डॉक्टर वसीम रजा, ऋषि शुक्ला और आशीष शुक्ला की भूमिका स्पष्ट रूप से सामने आ गई है। साथ ही आरोप है कि पूर्व के राधेलाल के वीडियो फुटेज को काट-छांट कर तोड़-मरोड़कर प्रसारित किया गया, ताकि सच्चाई दबाई जा सके और पत्रकारों को बदनाम किया जा सके।

### जांच के बाद भी कार्रवाई शून्य, क्यों?

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि रायपुर निवासी प्रार्थी मोहनलाल अग्रवाल की शिकायत की जांच तीन डॉक्टरों की समिति कर चुकी है,

गोरेलाल पटेल (बसंतपुर) के मामले की जांच एसडीएम , एसडीओपी और सिटी कोतवाली स्तर पर पूरी हो चुकी है। राधेलाल पटेल निवासी गिरौधपुरी ने भी अति संवेदनशील शिकायत दर्ज कराई है, इसके बावजूद आज तक कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

प्रेस क्लब ने दो टूक कहा कि पत्रकारों का काम सच सामने लाना है। इससे पहले भी ओमकार हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा पत्रकारों के खिलाफ झूठी और भ्रामक शिकायतें की गई हैं, लेकिन अब यह साफ हो चुका है कि प्रेस को बदनाम करने की आड़ में मरीजों की जान को मोहरा बनाया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रेस क्लब ने प्रशासन को आगाह किया कि यह मामला अब सिर्फ पत्रकारों का नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा, कानून के राज और मानवता का है। यदि 7 दिन में प्राथमिकी दर्ज नहीं होती और कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन की शुरुआत होगी, जिसकी गूंज जिला मुख्यालय से लेकर राज्य स्तर तक सुनाई देगी।

### अंवरी में दो दिवसीय पंथी प्रतियोगिता एवं जयंती मड़ई

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पंथी प्रतियोगिता एवं जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है जिसमें 25 दिसंबर एवं 26 दिसंबर को पंथी प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 5051 रु, दुसरा इनाम 3333 रु, तीसरा 2222 रुपये एवं सन्तान विशेष पुरस्कार रखा गया है7 एवं 27 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए सुर संगम अंनत छत्तीसगढ़ लोक कला मंच आकाश आनंद जांजगीर-चंपा की भव्य प्रस्तुति होगी जिसकी तैयारी में समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं7

### किसानों के खाते में पहुंचा 386 करोड़, समयबद्ध भुगतान से किसानों में संतोष का वातावरण

# रायगढ़ में अब तक 18 लाख 33 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के किसान-हितैषी विजन और स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान प्रभावी, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला प्रशासन किसानों को त्वरित सुविधा, समय पर भुगतान और व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने लगातार सक्रिय है। जिले में 24 दिसंबर की स्थिति में अब तक 31 हजार 164 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाया है। अब तक जिले में कुल 18 लाख 33 हजार 628.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

उपार्जन केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित न हो इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा धान के उठाव कार्य भी तेजी से जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल खरीदे गए धान में से 92882.6 मे.टन धान का डीओ जारी कर 66605.3 मे.टन धान का उठाव किया जा चुका है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के एवज में किसानों को 38 हजार 657.08 लाख रुपए (लगभग 386.57 करोड़ रुपए) का भुगतान किया गया है। समयबद्ध भुगतान से किसानों में संतोष का वातावरण है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। जिले में अब तक 16 हजार 768 कृषकों द्वारा कुल 1 हजार 767.57 हेक्टेयर कृषि रकबा समर्पित किया गया है। यह प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है।

**अवैध धान भंडारण व परिवहन पर सख्ती, सीमा क्षेत्रों में मैदानी अमला मुस्तैद**

धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। विशेष रूप से अंतरजिला एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में मैदानी अमला लगातार निगरानी कर रहा है। अब तक कुल 140 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 37 हजार 704.60 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस सख्त कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समर्थन मूल्य प्रणाली का दुरुपयोग न हो और वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिले। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी अभियान की निरंतर समीक्षा की जा रही है,

## पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला रायगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नियमों एवं अधिसूचनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत निरीक्षण एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रदूषण नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक प्रदूषण नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन पाए जाने पर विभिन्न औद्योगिक इकाईयों पर 2 करोड़ रुपए से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।निरीक्षण अवधि में औद्योगिक इकाइयों द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974, फ्लाई ऐश अधिसूचना 2021 तथा कच्चे माल, उत्पाद एवं अपशिष्ट परिवहन हेतु जारी स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (आदेश दिनांक 26.06.2024) के प्रावधानों का उल्लंघन सामने आया। इसके तहत 10 औद्योगिक इकाइयों को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम की धारा 31(क) के अंतर्गत नोटिस, 02 इकाइयों को जल अधिनियम की धारा 33(क) के अंतर्गत नोटिस तथा 04 औद्योगिक इकाइयों को दोनों अधिनियमों के तहत नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा 10 औद्योगिक इकाइयों को वायु एवं जल अधिनियम के अंतर्गत निर्देश तथा 01 औद्योगिक इकाई को वायु अधिनियम की धारा 31(क) के तहत निर्देश जारी किए गए।मंडल द्वारा नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड भी लगाया गया। सम्मति शर्तों के उल्लंघन पर 89 औद्योगिक इकाइयों से कुल 61 लाख 90 हजार रुपये, फ्लाई ऐश परिवहन में अनियमितता पर 66 लाख 54 हजार 330 रुपये, फ्लाई ऐश के अवैध अपवहन पर 34 लाख 2 हजार 355 रुपये तथा कच्चे माल, उत्पाद एवं अपशिष्ट परिवहन के एसओपी उल्लंघन पर 1 करोड़ 17 लाख 31 हजार 493 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। इस प्रकार जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 की अवधि में कुल 2,79,78,178 रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली गई। पर्यावरण संरक्षण मंडल ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कलेक्टोरेट परिसर स्थित वाहन पार्किंग के संचालन के लिए निविदा 12 जनवरी तक

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** जिला कार्यालय परिसर रायगढ़ के वाहन पार्किंग स्थल हेतु निर्धारित अनुबंध/शर्तों के अधीन 1 वर्ष अर्थात् अनुबंध निष्पादन तिथि से 1 वर्ष तक के लिए निविदा 12 जनवरी 2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ठेके के आवश्यक शर्तों व कार्य का विवरण एवं आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में जिला नाजिर जिला कार्यालय के पास 500 रूपये (पांच सौ रूपये) नगद जमा कर सूचना प्रकाशन की तिथि से 12 जनवरी तक दोपहर 1 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर

### जिले के किसानों ने अब तक 19 लाख 28 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचा

**कांकेर, 25 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 19 लाख 28 हजार 069 क्विंटल धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। इसमें 19 लाख 06 हजार 170 क्विंटल मोटा धान तथा 20 हजार 670 क्विंटल पतला और 01 हजार 228 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्रों में खरीदी गए धान में से अब तक 41 हजार 310 क्विंटल का उठाव मिलर्स के द्वारा किया जा चुका है।इस संबंध में बताया गया कि 'टोकन तुंहर हाथ' एप के जरिए सभी किसानों को अब सप्ताह के सातों दिन और 24 घण्टे ऑनलाइन माध्यम से तथा उपार्जन केन्द्र में पहुंचकर टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए केन्द्र प्रभारी तथा पर्यवेक्षण व निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार धान के परिवहन, भण्डारण तथा विक्रय की अवैध गतिविधियों को रोकने गठित टीमों के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है।

### सुशासन सप्ताह के तहत जिले में 718 से अधिक प्रधानमंत्री आवासों में एक साथ गृह प्रवेश

**मोहला 25 दिसंबर।** सुशासन सप्ताह के अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 1 नवंबर के बाद पूर्ण हुए 718 से अधिक आवासों में एक साथ गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामूहिक गृह प्रवेश से ग्रामीण अंचलों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

लाभार्थियों ने अपने नव-निर्मित आवासों को दीपों से सजाया, आंगन में रंगोलियां बनाई तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत गृह प्रवेश किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से लाभार्थियों का उत्साह और अधिक बढ़ा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को नए आवास में सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दीं। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण कराने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने जनसामान्य को करें जागरूक:कलेक्टर

**मोहला 25 दिसंबर।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, क्रेडा एवं विद्युत विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, क्रेडा एवं विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित विभागीय अभियंता एवं अन्य अधिकारीं-कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टंकी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, आत्मसमर्पित नक्सली परिवारों को जल जीवन मिशन से लाभान्वित करने की स्थिति, सोलर पंप टंकी स्थापना एवं योजना की लक्ष्य पूर्ति आदि की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल की संभावित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के साथ कार्य करने तथा स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। लेक्टर ने जिले में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल संरक्षण एवं जल भंडारण (स्टोरेज) को लेकर आवश्यक चर्चा की। उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से जिले के विभिन्न जल स्त्रोतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति हेतु पानी की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की।

# खाद्य औषधि विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और लिया नमूना भी



**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 19 से 23 दिसंबर तक विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को मेसर्स बी.एस.रेड्डी, मुर्रा मिल कायाघाट, रायगढ़ से रोस्टेड चना (खुला) का नमूना लिया गया। वहीं 22 दिसंबर को मेसर्स आर.के. जनरल स्टोर, गोरखा, रायगढ़ से सुंदर सखी मैदा (लूज), नटराज मैदा फ्लैक्स (पैक्ड) एवं अनमोल टॉप रायल बिस्किट (पैक्ड) के नमूने संग्रहित किए गए। इसी क्रम में 23 दिसंबर को संतोष डेयरी, लाल टंकी चौक, रायगढ़ से पेडा (लूज) एवं पनीर (लूज) के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई में जिले की खाद्य सुरक्षा की संयुक्त टीम शामिल रही, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल, श्री शांतनु भट्टाचार्य तथा एमएफटीएल कर्मचारी श्री अमित साहू एवं श्री संतोष दास (लैब टेक्नीशियन) उपस्थित थे। लिए गए नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है, रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 30 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प 288 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 30 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर कैम्प में भाग ले सकते हैं।जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से कुल 288 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे.श्रमीन टेलेन्ट प्रा. लिमिटेड नोएडा में फील्ड टेक्नीशियन में रिक्त 250 पदों पर भर्ती की जाएगी।

# जिले के चारों विधानसभा में 8 लाख 33 हजार 681 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने की। बैठक में उन्होंने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन की विस्तृत जानकारी दी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित एवं डिजिटल प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 9 लाख 14 हजार 669 पंजीकृत मतदाताओं में से 18 दिसंबर 2025 तक 8 लाख 33 हजार 681 मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र जमा किए गए हैं। 58 हजार 553 मतदाताओं के गणना पत्रक एब्सेंट/परमानेंटली शिफ्टेड होने से अप्राप्त रहे है। जबकि 18 हजार 923 मृत मतदाता तथा 3 हजार 175 ऐसे मतदाता पाए गए हैं जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बीएलओ को ये मतदाता नहीं मिले या उन्हें गणना प्रपत्र वापस नहीं किया गया, क्योंकि वह अन्य राज्य केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता बन चुके हैं या वे उपस्थित नहीं पाए गए या 18 दिसंबर 2025 तक प्रपत्र जमा नहीं किया या किसी कारणवश मतदाता के रूप में पंजीकरण की इच्छुक नहीं थे। वास्तविक पात्र मतदाताओं को दावा एवं आपत्ति चरण 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 के दौरान पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जा सकता है।

# ग्राम पंचायतों में चल रहे शिविर में आम लोगों को मिल रहा त्वरित समाधान

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर के तहत जिले में 25 दिसंबर तक ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीण सीधे अपने आवेदन लेकर आ रहे हैं और सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित और आमजन के लिए पूरी तरह सुविधाजनक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निवारण करना नहीं है, बल्कि ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभता और प्रशासन की तत्परता को भी दिखाना है।

उल्लेखनीय है कि यह अभियान सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की मजबूत कड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि इसे पूरी लगन और तत्परता के साथ संचालित करें ताकि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और सुशासन की भावना गांव-गांव तक फैल सके। शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। ग्रामीणों को अब लंबी कतारों में खड़े होने या दूरस्थ कार्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुँचकर अपने आवेदन जमा करवा रहे हैं और उनका काम तुरंत निपट रहा है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि प्रशासन पर जनता का भरोसा भी बढ़ रहा है। प्रशासन अब हर नागरिक के दरवाजे तक पहुँच रहा है। ग्रामीणों की सहज प्रतिक्रिया, अधिकारियों की सक्रियता और त्वरित समाधान ने इस अभियान को सफल और प्रभावशाली बन रहा है।

### पीएमश्री योजना अंतर्गत स्वीकृत रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** जिले में पीएमश्री योजना अंतर्गत स्वीकृत रिक्त योगा प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक तथा संगीत शिक्षक पद के लिए के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण पश्चात पात्र एवं अपात्र सूची जारी किया गया है। अपात्रता के कारण का भी उल्लेख किया गया है। इस संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे योगा प्रशिक्षण एवं खेल शिक्षक के पद के लिए 29 दिसम्बर तथा संगीत शिक्षक पद के लिए 30 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान स्वास्थ्य शिविर में 499 गर्भवती माताओं की हुई जांच

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 499 गर्भवती माताओं की जांच की गई। इनमें सिविल अस्पताल खरसिया में 24, लैलूंगा विकासखंड में 98, घरघोड़ा में 111, तमनार में 108, पुसौर में 55, चपले में 50, धरमजयगढ़ में 29 एवं लोईंग विकासखंड में 24 गर्भवती माताओं की जांच शामिल है।

शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार प्रदान कर उनकी समुचित



स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया गया। प्रत्येक गर्भवती महिला की आवश्यक जांच जैसे हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन, ऊंचाई आदि की गई। साथ ही आयरन व कैल्शियम टैबलेट का वितरण कर महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षित मातृत्व को लेकर विशेष काउंसलिंग की गई।

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर का भ्रमण कराया गया, जिससे प्रसव से जुड़ा भय एवं तनाव कम हो तथा वे सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। जिला प्रशासन द्वारा सभी गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से अपील की गई कि वे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और नियमित स्वास्थ्य जांच कराकर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें। महिलाओं को यह भी जागरूक किया गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा आंगनबाड़ी में अवश्य जाएं।

### क्रिसमस और नववर्ष को लेकर महासमुंद में ढाबों की सघन जांच

**महासमुंद 25 दिसंबर।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच लगातार जारी है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री उमेश कुमार के मार्गदर्शन में क्रिसमस त्योहार एवं नववर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शंखनाद भोई द्वारा जिले के विभिन्न ढाबों की जांच की गई।जांच के दौरान मेसर्स शान-ए-पंजाब ढाबा, ग्राम कांपा, मेसर्स महाराजा ढाबा, एनएच-53 बिरकोनी तथा मेसर्स द केसरिया ढाबा, ग्राम घोड़ारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मेसर्स शान-ए-पंजाब ढाबा एवं मेसर्स महाराजा ढाबा में स्टोरेज एवं किचन क्षेत्र में पर्याप्त स्वच्छता उपाय नहीं पाए गए। इसके साथ ही आवश्यक अभिलेखों का समुचित संधारण भी नहीं किया गया था। उक्त कमियों के कारण संबंधित दोनों फर्मों को 15 दिवस के भीतर सुधार करने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में सुधारात्मक निर्देशों का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित ढाबों का लाइसेंस निलंबित करने अथवा नियमानुसार प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय बागवानी मिशन ने बदली कृषक दशरथ पटेल की आर्थिक हालत

**महासमुंद 25 दिसंबर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना से लाभान्वित होकर महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम कसहीबाहरा निवासी कृषक श्री दशरथ पटेल ने अपनी खेती की दिशा बदलकर एक प्रेरणादायक सफलता प्राप्त की है। 47 वर्षीय श्री दशरथ पटेल, जो 12वीं तक शिक्षित हैं, पूर्व में परंपरागत रूप से धान की खेती किया करते थे। उनकी भूमि रेतीली होने के कारण धान की खेती में अधिक लागत लगती थी, जबकि उत्पादन अपेक्षाकृत कम प्राप्त होता था। सीमित भूमि होने के कारण आय भी कम थी, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाना कठिन हो रहा था।आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्री पटेल ने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर सब्जी फसल के रूप में करेले की खेती अपनाई। उन्होंने 0.60 हेक्टेयर भूमि पर ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए करेले की खेती प्रारंभ की।

# गेंदा फूल की खेती से बदली किसान की किस्मत, शासन की योजना बनी आर्थिक संबल

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गमेकेला के प्रगतिशील किसान श्री शंभूचरण पैंकरा ने अपनी कड़ी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि सही अपनी परम्परा गत खेती से हट, सही मार्गदर्शन, नवाचार और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है। पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों में रुचि रखने वाले श्री पैंकरा ने कम पानी में अधिक आमदनी देने वाली फसलों की जानकारी मिलने पर उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और खेती की दिशा ही बदल दी।

पिछले कई वर्षों में वे टिकरा धान की खेती करते थे, जिससे उन्हें अपेक्षाकृत कम



आय प्राप्त होती थी। सीमित आमदनी और बढ़ती लागत को देखते हुए उन्होंने वैकल्पिक खेती की ओर रुख किया। वर्ष 2025-26 में उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत गेंदा क्षेत्र विस्तार योजना का लाभ लिया। इस योजना के तहत उन्हें गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री, खाद एवं उर्वरक के साथ-साथ तकनीकी सलाह भी प्रदान की गई।

एक एकड़ क्षेत्र में गेंदा की खेती कर श्री शंभूचरण पैंकरा ने लगभग 25 क्विंटल फूल का उत्पादन प्राप्त किया। बाजार में गेंदा फूल की निरंतर मांग होने के कारण उन्हें उचित मूल्य मिला और गेंदा की खेती से लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस अतिरिक्त आय से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने में भी उन्हें मजबूती मिली।

श्री पैंकरा की इस सफलता का प्रभाव अब गांव के अन्य किसानों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गेंदा की खेती से होने वाली आमदनी को देखकर ग्राम गमेकेला सहित आसपास के गांवों के किसान भी उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं और गेंदा फूल की खेती अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कृषक श्री शंभूचरण पैंकरा ने छत्तीसगढ़ शासन एवं उद्यानिकी विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और यदि सही जानकारी व मार्गदर्शन मिले तो किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

# प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री के हाथों सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे

**रायगढ़, 25 दिसम्बर।** जिले के पाँच दिव्यांगजनों के जीवन में उस समय आशा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई किरण का संचार हुआ, जब जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम तथा वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के कर-कमलों से उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह अवसर केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दिव्यांगजनों के सम्मान, स्वावलंबन और आगे बढ़ने के दृढ़ संकल्प का सशक्त प्रतीक बना, जिसकी स्पष्ट झलक उनके प्रसन्न चेहरों पर दिखाई दी।

मंगलवार को नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने तीन दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, एक दिव्यांगजन को व्हीलचेयर तथा एक दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र प्रदान कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के कल्याण



और सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ कम हों और वे सम्मानपूर्वक, आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवधि में अधोसंरचना विकास के साथ-साथ समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण को भी समान प्राथमिकता दी गई है। शासन का लक्ष्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और आने वाले समय में भी इसी संवेदनशीलता एवं सेवा-भाव के साथ कार्य निरंतर जारी रहेगा।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने पर उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिव्यांगजन किसी भी रूप में कमजोर नहीं होते, बल्कि उनमें अद्भुत प्रतिभा, क्षमता और आत्मबल निहित होता है। यदि वे मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लें, तो कोई भी बाधा उनके मार्ग में टिक नहीं सकती। शासन और प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा है तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

ट्राईसाइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों ने बताया कि पहले घर से बाहर निकलना उनके लिए अत्यंत कठिन था, जिससे दैनिक कार्यों में कई प्रकार की परेशानियाँ आती थीं। अब ट्राईसाइकिल मिलने से आवागमन सुगम होगा और वे अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से संपन्न कर सकेंगे। वहीं श्रवण यंत्र प्राप्त हितग्राही ने कहा कि अब वे लोगों से बेहतर संवाद स्थापित कर सकेंगे, अपनी बात स्पष्ट रूप से रख पाएंगे तथा दूसरों की बातों को सुन-समझ सकेंगे। सभी लाभार्थियों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 25 दिसम्बर।** 23 दिसंबर को मेरा युवा भारत राजनांदगांव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, डोंगरगांव एवम् डोंगरगढ़ विकासखंड के युवा/युवतियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कब्बड़ी, महिला वर्ग में रस्सा - कसी, गोला फेक - पुरुष, तवा फेक - महिला वर्ग, 100 मीटर दौड़ - महिला एवम् 4×100 मीटर रिले रेस में पुरुष खिलाड़ियों ने बढ़ चड़कर के हिस्सा लिया। सभी विजेता खिलाड़ी जिन्होंने विकासखंड स्तरीय खेल में अव्वल प्रदर्शन किया उन्होंने जिला स्तरीय में अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के शुरुवात में माय भारत के जिला युवा अधिकारी शुभजीत से द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजनांदगांव विकासखंड के दिलापहरी ब्वॉयज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और दूसरे स्थान पर डोंगरगांव ब्लॉक की पेटेश्री टीम रही। रस्सा कसी महिला वर्ग में तूमदीबोड डोंगरगांव की टीम विजेता रही और दूसरे स्थान पर डोंगरगढ़ विकासखंड की टीम विजेता रही। सभी विजेता खिलाडियों को मोमेंटो एवम् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिमा पप्पू चंद्राकर एवम् विशिष्ट अतिथि के रूप में अनीता दिगैन सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष उपस्थित रहे एवम् ग्राम सरपंच रेंगाकथेरा की सरपंच ऊनीता गणेश साहू उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माय भारत के पूर्व स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा एवम् ओमप्रकाश कंबदे उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरी कराने कर्मचारी-अधिकारी 28 से तीन दिवसीय आंदोलन पर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के लिए 29, 30 व 31 को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तय करने रेस्ट हाउस सभाकक्ष में बैठक ली गई। बैठक की अध्यक्षता पेहरेशन के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा ने की।

बैठक में महासचिव योगेश चौरे व डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों से भाजपाइयों ने खूब वादे किये है। सरकार बनने के बाद इन वादों की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। अतः सभी कर्मचारियों व अधिकारियों एवं शिक्षकों से अपील की गई है कि अपनी उपस्थिति धरना स्थल फ्लाई ओवर के नीचे कलेक्ट्रेट आफिस के सामने राजनांदगांव में सत प्रतिशत दे।

फेडरेशन के मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने बताया कि आज की बैठक में कर्मचारियों अधिकारियों तीन दिवसीय आंदोलन को पूरा करने के लिये अडिग रहने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रमुख रूप से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार देवांगन, धन्नुलाल महोबिया, टी के दुबे, अमित कुमार वैष्णव, राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष भीषम ठाकुर, गुलमोहन वर्मा सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कई सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### सुशासन सप्ताह में हितग्राहियों को दिए गए स्वामित्व कार्ड एवं आवास की चाबी



**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत 24 किसानों को अधिकार अभिलेख एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 5 हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी सौंपी। कलेक्टर सोनी ने कहा कि 19 से 25 दिसम्बर तक जिले में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें लोगों की समस्याओ को सुनने व निराकण करने प्रशासन गांव पहुंच रही है। सुशासन शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की समस्या का निराकरण करें तथा पात्रता अनुसार योजना से लाभान्वित भी करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप योजनाओ का लाभ लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सामूहिक प्रयास, सहभागिता और सहयोग से जिले को विकसित जिला बनाने की दिशा में जिला प्रशासन अग्रसर है।इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं हितग्राहियों को विकसित जिला बनाने संकल्प दिलाया। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्रम विभाग अंतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 दिसम्बर तक

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल् द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अध्ययनरत बच्चो के लिए मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिनके बच्चें अध्ययनरत है और जिन्होंने अभी तक योजना के लिए आवेदन नहीं किए है, वे शीघ्र ही च्वॉईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट shramevjayate.cg.gov.in, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117, कलेक्टर परिसर के माध्यम से 31 दिसम्बर 2025 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 5 जनवरी तक

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत अहिल्दा केन्द्र क्रमांक-04, लाहोद केन्द्र क्रमांक-01 एवं पैजनी केन्द्र क्रमांक-01 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे। परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा जांच व परीक्षण पश्चात दावा आपत्ति आमंत्रित किए जाने हेतु प्रथम प्राविधिक सूची तैयार किया गया है। जारी प्राविधिक वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में 5 जनवरी 2025 तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नशे के सौदागर तिल्दा-नेवरा के युवाओं के जीवन में घोल रहे व्यसन का जहर

# नगर में गांजा का कारोबार रफ्तार पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 25 दिसम्बर।** तिल्दा-नेवरा के चौक चौराहों पर नशे का समन्वखुले आम बिक रहा है नगर के कुछ ऐसे दिखाने है जो मुख्य बाजारों में है ऐसे दुकानों में अक्सर युवा वर्ग की संख्या अत्यधिक होती है जहां नशे का सामान बिक्री होता है अभी नया वर्ष आने। में कुछ दिन शेष बचे है लेकिन नशा के सौदागरों ने तिल्दा नेवरा में देर रात दुकानें खोल कर कारोबार करते नजर आ सकती है।

जानकार सूत्रों ने बताया कि नगर के सुन सान इलाकों में शराब गांजा और सूखा गांजा बिक्री होता है कुछ ऐसे पान दुकानें भी है जो नशे की गोली बिक्री कर रहे है।

शहर में नशे का कारोबार अब खुले आम पैर पसार चुका है। शराब और गांजे की बिक्री का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है, और चिंता की बात यह है कि इसकी सप्लाई के लिए कुछ खास जगहें तेजी से कुख्यात होती जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार जोताङ्कटंडवा रोड इस समय गांजे की अवैध बिक्री का प्रमुख अड्डा बन गया है।

यह सड़क वैसे भी शहर का हाई-ट्रैफिक रूट मानी जाती है—सुबह से देर रात तक वाहनों की आवाजाही रहती है। इसी भीड़ का फायदा उठाकर नशे का कारोबार चलाने वालों ने यहां अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर संदिग्ध युवकों की आवाजाही देखी जाती है, जो कुछ ही मिनट रुककर आगे बढ़ जाते हैं। कई बार बाइक सवार युवक सड़क किनारे संदिग्ध पैकेट बदलते भी नजर आते हैं। बाजार, बस स्टैंड और गांवों को जोड़ने वाले इस व्यस्त मार्ग पर रोजाना हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। ऐसे में यहां नशे की सक्रियता न सिर्फयुवाओं के लिए खतरा है, बल्कि पूरे शहर के माहौल को प्रभावित कर रही है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नशे की बढ़ती उपलब्धता से मोहल्लों में असुरक्षा और डर का माहौल बन रहा है। कई अभिभावकों ने इस रुट से बच्चों के गुजरने पर भी चिंता जताई है। फ्लिहाल शहर में नशे का यह फैलता नेटवर्क लोगों के लिए सिरदर्द बन चुका है। अगर इस स्थिति पर जल्द अंकुश नहीं लगा, तो तिल्दा-नेवरा का माहौल और भी बिगड़ सकता है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है, जिसके तहत चेकिंग अभियान में थाना लवन पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 01 वाहन चालक को शराब पीकर, वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, उसका वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 23 दिसम्बर को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाहन चालक गितेश साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा को 15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी के निर्देश में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के कक्षा 6वी से 12 वीं तक के 190 छात्र-छात्राओं एवं 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरखौती मुक्तांगन एवं मंत्रालय का शैक्षणिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में कराया गया। इस भ्रमण में गणित एवं विज्ञान विषय में रूचि लेने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया था। एपीसी जहीर अब्बास के मार्गदर्शन में विज्ञान केन्द्र रायपुर में वैज्ञानिक सोच का व्यवहारिक अनुभव, विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं उपकरण को नजदीक से देखने व सीखने को मिला। छात्रों ने संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रसंगों के देखकर साहस, त्याग और नेतृत्व को समझा। इससे छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। छात्रों ने यहां विभिन्न जनजातियों के घरो, सामुदायिक जीवन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं को देखा एवं नवीन अनुभव से परिचित हुए। लकड़ी, मिट्टी और प्राकृतिक मॉडलो ने बताया कि जनजातीय जीवन प्रकृति से जुड़ा होता है।लोककला और वेशभूषा, संग्रहालय में प्रदर्शित पारंपरिक आभूषण, चित्रकला, हस्तशिल्प ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा बढ़ाई। उन्होने जाना कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय त्योहारों, संगीत, नृत्य और परंपराओं से कैसे अपने सामाजिक जीवन को आगे बढ़ाते है। पारंपरिक वाद्ययंत्र और सामाजिक संरचना नृत्यशैली रीतिरिवाजों की जानकारी ने छात्रों को सांस्कृतिक मूल्य को समझाया। छात्रों ने कहा इस शैक्षणिक भ्रमण से वैज्ञानिक सोच, एवं इतिहास सांस्कृतिक वातावरण के बारे में जानकारी हासिल प्राप्त की।

#### एपीडा ने कृषि उत्पाद निर्यात पर केवीके में कार्यशाला आयोजित कर

# कृषि उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दी जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में कृषि एवं कृषि से सम्बंधित उत्पादों के निर्यात अवसरो को दृष्टिगत कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, एपीडा रायपुर तथा कृषि एवं संवर्गीय विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के संयुक्त तत्वाधान में अनाज, फ्ल, सब्जी, वन उपज एवं अन्य उत्पादों के निर्यात पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषि उपज एवं कृषि से संबंधित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने हेतु पंजीकरण प्रक्रिया एवं आवश्यक मापदंडों को पूर्ण करने की विस्तृत जानकारी एपीडा रायपुर के द्वारा दी गई।

कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में किन-किन उत्पादों का वर्तमान में किन-किन देशों में निर्यात किया जा रहा है तथा अंतर्राष्ट्रीय ष् बाजार में भारत के किन वस्तुओं का अधिक मांग है तथा उन तक इन उत्पादों को बेहतर तरीके से किस प्रकार पहुँचाया जा सकता है इन सबके बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रगतिशील बड़े किसानों के साथ -साथ कृषक उत्पादन संगठनों एफ्पीओतथा स्वयं सहायता समूह एसएचजी को आगे आकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

एपीडा के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा एपीडा का कार्यालय नया रायपुर में स्थापित किया गया है, जहाँ छत्तीसगढ़ के उत्पादों को निर्यात के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

कार्यशाला में एपीडा रायपुर से अशोक कुमार, उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक, सहायक संचालक मत्स्य व्ही.के. वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वैज्ञानिक सविता राजपूत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनेश्वर साय, अवधेश उपाध्याय, अन्य अधिकारी, कृषक उत्पादन संगठनों एफ्पीओ के प्रतिनिधि, राइस मिलर, तथा कृषि, मत्स्य, पशुपालन के कृषक भी उपस्थित रहे।

# एकलव्य एकेडमी के 'उत्सवरंगम' कार्यक्रम में बिखरे संस्कृति के रंग

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 25 दिसम्बर। शिक्षण संस्थान एकलव्य एकेडमी में वार्षिक उत्सव 'उत्सवरंगम' अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे बच्चों से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति समारोह के मुख्य अतिथि भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में एसडीओपी तारेश साहू, वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती, आलोक मिश्रा, अमित शर्मा, डॉ. विकास आडिल एवं भाटापारा तहसीलदार उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया और अपने संबोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

### कार्यक्रम का आकर्षण बच्चों और माताओं का संयुक्त नृत्य रहा

कार्यक्रम का आकर्षण प्लेग्रुप के बच्चों और उनकी माताओं द्वारा किया गया संयुक्त नृत्य रहा, जिसने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों ने मारवाड़ी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी नृत्यों के माध्यम से भारत की विविधता को मंच पर उतारा। कक्षा पहली के बच्चों ने 'स्वच्छता अभियान' का संदेश देकर जागरूकता फैलाई, वहीं कक्षा छठवीं और सातवीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'महाभारत' नृत्य नाटिका ने अभिभावकों को भावविभोर कर दिया।




## किसान दिवस पर वनांचल में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यशाला में

# किसानों को तकनीक से जोड़कर टिकाऊ, लाभकारी कृषि प्रणाली के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 दिसम्बर।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार प्रशिक्षण केंद्र देवपुर, वनमण्डल बलौदाबाजार में जैविक खेती जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वनांचल क्षेत्र के कृषकों को जैविक खेती की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रणाली की ओर प्रेरित करना रहा।

कार्यशाला में कवर्धा से आमंत्रित कृषि वैज्ञानिक डॉ. तरूणा एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा जैविक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जैव उर्वरक, बीजोपचार, जीवामृत, सूक्ष्मजीव आधारित खेती, बायो डीकम्पोज़र एवं बायो पेस्टीसाइड्स के निर्माण, उपयोग और उनके दीर्घकालिक लाभों पर व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया गया। किसानों को यह भी समझाया गया कि किस प्रकार जैविक पद्धतियों से मिट्टी की उर्वरता में सुधार, उत्पादन लागत में कमी तथा रासायनिक अवशेष रहित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण फ्सल उत्पादन संभव है।



कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती महिला स्व सहायता समूह, देवपुर द्वारा की जा रही जैविक सब्जी खेती का स्थल निरीक्षण भी किया गया। विशेषज्ञों द्वारा समूह की महिलाओं को फ्सल प्रबंधन, प्राकृतिक पोषण एवं कीट नियंत्रण के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह उदाहरण किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ करने का संदेश मिला।कार्यशाला का आयोजन एवं समन्वय वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा एवं वनरक्षक श अजीत ध्रुव के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

कार्यशाला में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों से आए कृषकगण, कृषि सखियाँ, महिला स्व सहायता समूह की सदस्याएँ तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहन महिलांगे पिता श्री फिरंता महिलांगे जाति सतनामी, निवासी ग्राम सागिनकछार, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं।

मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मोहन महिलांगे पिता फिरंता महिलांगे दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम महिलांगे मोहन पिता महिलांगे फिरंता राम दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिस कारण से बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मेरे आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि पूर्ण नाम को सुधार कर सही नाम मोहन महिलांगे पिता फ्रिंता महिलांगे दर्ज कर जाना पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**मोहन महिलांगे**
**निवासी-ग्राम सागिनकछार,**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहन महिलांगे पिता श्री फिरंता महिलांगे जाति सतनामी, निवासी ग्राम सागिनकछार, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं।

मेरी पुत्री के सभी शासकीय दस्तावेजों में पुत्री का नाम माही महिलांगे पिता मोहन महिलांगे दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरी पुत्री माही महिलांगे के नाम से जारी आधार कार्ड में पुत्री का नाम महिलांगे माही पिता महिलांगे मोहन दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिस कारण से बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मेरी पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि पूर्ण नाम को सुधार कर सही नाम माही महिलांगे पिता मोहन महिलांगे दर्ज कर जाना पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**मोहन महिलांगे**
**निवासी-ग्राम सागिनकछार,**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रेखा बाई महिलांगे पति श्री मोहन महिलांगे जाति सतनामी, निवासी ग्राम सागिनकछार, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं।

मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम रेखा बाई महिलांगे पति श्री मोहन महिलांगे दर्ज है जो कि सत्य एंव सही है। तथा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम महिलांगे रेखा बाई पति महिलांगे मोहन दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिस कारण से बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे अपने नाम से जारी आधार कार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम को सुधार कर सही नाम रेखा बाई महिलांगे पति श्री मोहन महिलांगे दर्ज कर जाना पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**रेखा बाई महिलांगे**
**निवासी-ग्राम सागिनकछार,**
**तहसील-डोंगरगांव,**
**जिला-राजनांदगांव छ.ग.**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्र. 202512092100021**
**अ/6 वर्ष 2025-26**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मिथलेश स्वामी पिता पीताम्बर स्वामी जाति-ब्राम्हण, उम्र 35 वर्ष, निवासी राजेन्द्र वार्ड नं. 15. गवर्नमेंट अस्पताल के पास, बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक ने अनावेदक से नजूल शहर डोंगरगढ़, राजेन्द्र वार्ड नं. 15 स्थित शीट क्र. 06, भूखंड क्र. 1701/1 (ए) 2 क्षेत्रफल 479 वर्गफुट, भूखंड क्र. 1701/1 (ए) 4 क्षेत्रफल 182 वर्गफुट कुल भूखंड क्रं. 2 कुल क्षेत्रफल 661 वर्गफुट को दिनांक 25/09/2025 को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से क्रय किया है। उक्त संपत्ति पर आवेदक को कब्जा प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में उक्त संपत्ति पर आवेदक का कब्जा है। आवेदक द्वारा क्रय की गयी उक्त संपत्ति का प्रमाणीकरण कर राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 19/01/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26